07 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 227

कार्तिक उरांव
सिरमटोली फ्लाइओवर
अद्भुत, अतुलनीय,
अविस्मरणीय : हेमंत



**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

**SMD TRADERS**
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, रांची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?.................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

# अर्थव्यवस्था कृषि के बिना आगे नहीं बढ़ सकती: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने रांची स्थित मेधा डेयरी परिसर में राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की रखी आधारशिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि किसानों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसान भाइयों की आय कैसे बढ़े, वे कैसे समृद्ध, सशक्त और स्वावलंबी हों, इस सोच के साथ हमारी सरकार उनके साथ हर मोर्चे पर खड़ी है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को रांची स्थित मेधा डेयरी प्लांट में राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला रखने के बाद बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मेधा रागी लड्डू, मेधा सूधन खाद और जानवरों का चारा बनाने वाली मशीन- साइलेज को लांच किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि- पशुपालन का अहम योगदान है। यह बड़ी संख्या में लोगों के आजीविका का साधन है। एक ऐसा भी वक्त था, जब 'जय जवान-जय किसान' का नारा यह बताने के लिए ही काफी था कि हमारी अर्थव्यवस्था में किसानों की ताकत कितनी अहमियत रखती थी। हालांकि, आज परिस्थितियां बदली है, लेकिन इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृषि के बिना अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ सकती है। किसानों के उत्पादों से लोगों का पेट भरता है। अगर अनाज का उत्पादन नहीं हो ,तो जिंदगी की कल्पना नहीं की जा सकती है।

**कृषि कार्यो से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं:** हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में तरह-तरह के कई उद्योग धंधे संचालित हैं। फैक्टरियों की वजह से पर्यावरण को कितना नुकसान पहुंच रहा है, इससे हम सभी वाकिफ हैं। कृषि ही एक ऐसा सेक्टर है, जिससे सिर्फ फायदे ही फायदे हैं । खेतों में उपजने वाले अनाजों से पर्यावरण को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं है।

(शेष पेज 05 पर)

## योजना से जुड़ कर लाभ उठायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास निरंतर जारी है। इस सिलसिले में कई योजनाएं चल रही है और आने वाले दिनों में कई और योजनाएं धरातल पर उतारी जायेगी। आप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने साथ राज्य को मजबूत बनाने में सहयोग दें।

## कृषि उत्पादों के वैल्यू एडिशन पर दिया जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवसायिक कृषि आज की जरूरत है। कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन कैसे बढ़े, इस पर भी विशेष ध्यान देना है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक क्रिकेटर जब कृषि के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तो 24 घंटे खेती से जुड़ा रहने वाला किसान क्यों आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई माध्यमों से सहयोग कर रही है। ऐसे में आप अपनी खेती को व्यवसायिक स्वरूप देने की दिशा में कदम बढ़ायें।

# विधायकों से सड़क-पुल निर्माण की ली जायेगी अनुशंसा

अपने क्षेत्र में15 करोड़ की सड़क और 10 करोड़ की पुल बनवा सकेंगे, मंत्री ने दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने राज्य के सभी विधायकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम 15 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं और 10 करोड़ रुपये की पुल निर्माण योजनाओं की अनुशंसा जल्द से जल्द देने का निर्देश दिया है।

मंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं के साथ बैठक में कहा कि संबंधित योजनाओं की शीघ्र अनुशंसा प्राप्त कर उनका डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार किया जाए, ताकि स्वीकृति की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सके। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभाग को विधायकों की ओर से लगातार अनुशंसाएं प्राप्त हो रही हैं। अब इन्हें विस्तारित करते हुए अधिकतम सीमा क्रमशः 15 करोड़ (सड़क) और 10 करोड़ (पुल) कर दी गयी है। इन योजनाओं को राज्य संपोषित सड़कों और मुख्यमंत्री ग्राम्य सेतू योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि विधायक अपनी विधानसभा की आवश्यकता के अनुसार सड़क और पुल निर्माण कार्यों का चयन कर सकते हैं। वे अपने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर इन योजनाओं के माध्यम से अधोसंरचना विकास सुनिश्चित कर सकते हैं। इससे ग्रामीण इलाकों में आवागमन सुविधाएं बेहतर होंगी और विकास की गति तेज होगी।




## प्रधानमंत्री ने तिरंगा लहराकर चिनाब आर्च ब्रिज का उद्घाटन किया

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया, हमने उस पर कयामत बरसा दी : नरेंद मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है, जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। वह शुक्रवार को कटरा में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री का यह पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर का पहला दौरा था। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। इससे पहले उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखायी।

(शेष पेज 05 पर)


## पाकिस्तान को अपनी शिकस्त याद आयेगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 6 जून है। एक महीने पहले 6 मई की रात पाकिस्तान पर कयामत बरसी थी। पाकिस्तान कभी ऑपरेशन सिंदूर सोचेगा, तो अपनी शिकस्त याद आयेगी। पाकिस्तान ने कभी नहीं सोचा था कि भारत उनके यहां अंदर जाकर आतंक के ठिकानों पर हमला करेगा। आतंक की इमारतें खंडहर बन गयी हैं। पाकिस्तान बौखला गया है। उसने ये गुस्सा जम्मू, पुंछ समेत कई इलाकों में घर, मंदिर, गुरुद्वारों पर शेलिंग की। आपने जैसे मुकाबला किया, वो हर देशवासी ने देखा। आपके साथ देशवासी पूरी शक्ति से खड़े हैं।

# स्टारलिंक को भारत में भी मिला लाइसेंस

## 15 दिन में शुरू होगा ट्रायल, गली-गली में पहुंचेगा इंटरनेट

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** भारत सरकार के दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने एलन मस्क की कंपनी स्टार लिंक को भारत में सैटेलाइट कम्युनिकेशन (सेटकॉम) सेवाएं देने के लिए आधिकारिक लाइसेंस जारी कर दिया है। हालांकि इसकी जानकारी फिलहाल सूत्रों के हवाले से आ रही है। सरकार या स्टारलिंक की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने पुष्टि की है कि स्टारलिंक को लाइसेंस मिल गया है और कहा कि आवेदन करने के 15-20 दिनों के भीतर उन्हें परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान कर दिया जायेगा। स्टारलिंक को भारत में ब्रॉडबैंड और सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की हरी झंडी मिल गयी है। यह मंजूरी भारत के ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में हाइ-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने में मदद कर सकती है।

**अभी करना होगा और इंतजार:** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राइ) ने सैटकॉम कंपनियों के लिए स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन की सिफारिश की है, लेकिन डीओटी ने इन सिफारिशों को अभी तक मंजूरी नहीं दी है। ट्राइ ने यह भी सिफारिश की है कि सैटकॉम कंपनियों से एजजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) का चार प्रतिशत शुल्क लिया जाये। अब स्टारलिंक को भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम की मंजूरी का इंतजार है। अगर ट्राइ की सिफारिशें मंजूर होती हैं, तो स्टारलिंक जल्द ही भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू कर सकती है।

## हाल में केंद्रीय मंत्री ने दिया था संकेत

बता दें कि हाल ही में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा था कि स्टारलिंक सैटेलाइट कनेक्टिविटी टेलीकॉम के गुलदस्ते में एक और फूल की तरह है। मोबाइल कनेक्टिविटी के साथ-साथ हमारे पास ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी भी है, लेकिन सैटेलाइट कनेक्टिविटी दूरदराज के इलाकों में बहुत अहम है, जहां वायर्ड कनेक्शन आसानी से नहीं पहुंच सकते। उन्होंने कहा था कि आने वाले दिनों में तीसरा लाइसेंस जारी किया जायेगा। पहला लाइसेंस वनवेब को दिया गया था, दूसरा रिलायंस को दिया गया है और तीसरा लाइसेंस स्टार लिंक को को दिया जा रहा है।








# राहुल गांधी का बड़ा 'ब्लंडर' साबित होगा 'सरेंडर' वाला बयान

## ■ कांग्रेसी युवराज को कैसे पता चला कि ट्रंप और मोदी के बीच क्या बात हुई

## ■ अनाप-शनाप बयान देकर खुद को मजाक का विषय बना लेते हैं नेता प्रतिपक्ष

## ■ उनको तो भाजपा से अच्छा जवाब उनके अपने सांसद शशि थरूर ने दे दिया है

**आजाद सिपाही विशेष**

चार जून को भोपाल में जब कांग्रेस के युवराज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'नरेंदर सरेंडर' वाला बयान दिया, तब से यही सवाल पूछा जा रहा है कि क्या पीएम मोदी से हुई बातचीत का ब्योरा डोनाल्ड ट्रंप ने राहुल गांधी को दिया था या फिर राहुल गांधी इन दोनों के फोन सुन रहे थे? राहुल गांधी ने दावा किया कि पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं, ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं। इनको थोड़ा सा दबाओ, तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदी जी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर। और 'जी हुजूर' कर के मोदी जी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी ने 1971 के युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी के मजबूत नेतृत्व के साथ तुलना करते हुए भाजपा और आरएसएस पर दबाव में झुकने का आरोप लगाया। जाहिर है कि इस बयान पर राजनीतिक हलकों में विवाद होना ही था। भाजपा ने इसे राष्ट्रद्रोह और भारतीय सेना का अपमान करार देते हुए राहुल गांधी की कड़ी आलोचना की है। उधर यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर राहुल गांधी को ट्रंप और पीएम मोदी के बीच फोन पर हुई बातचीत की जानकारी कैसे मिली और उन्हें कैसे पता चला कि बातचीत के दौरान ट्रंप ने पीएम मोदी से क्या कहा। इस पूरे प्रकरण में सबसे खास यह रहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने राहुल गांधी के इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी। थरूर ने न केवल राहुल गांधी को उनके इस बयान के लिए घेरा, बल्कि इस मुद्दे पर भाजपा नेताओं की तुलना में बहुत अच्छे तरीके से अपनी बात रखी। थरूर, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष रखने के लिए अमेरिका में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे, ने स्पष्ट किया कि भारत-पाकिस्तान के बीच जंग को समाप्त कराने में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं की थी। अब राहुल गांधी की टिप्पणी को सियासी हलके में भारत विरोधी तो लिया ही जा रहा है, नेता प्रतिपक्ष खुद भी मजाक के विषय बन गये हैं। क्या है यह पूरा प्रकरण, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भोपाल में पार्टी की एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक फोन आया और पीएम नरेंद्र मोदी ने तुरंत सरेंडर कर दिया। उन्होंने पीएम मोदी के नाम का उच्चारण 'नरेंदर' किया। ऐसे में राहुल गांधी की भाषा और उनकी राजनीतिक मर्यादा को लेकर गंभीर सवाल उठाये जा रहे हैं। राहुल गांधी की इस टिप्पणी को भाजपा ने 'असभ्य' और 'पाकिस्तान समर्थक' करार दिया है, जबकि कांग्रेस इसे अपनी वैचारिक लड़ाई का हिस्सा मान रही है। लेकिन सवाल यह है कि राहुल गांधी की ऐसी भाषा का मकसद क्या है और यह कितना उचित है?

### क्या कहा राहुल गांधी ने

राहुल गांधी ने भोपाल में 'संगठन सृजन अभियान' के दौरान कहा, ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया और कहा, मोदी जी, आप क्या कर रहे हैं? नरेंदर, सरेंडर। और मोदी जी ने 'यस सर' कहकर ट्रंप का हुक्म मान लिया। उन्होंने इसे 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध से जोड़ा, जब इंदिरा गांधी ने अमेरिका के सातवें बेड़े की धमकी के बावजूद दृढ़ता दिखायी थी। उसी युद्ध की बदौलत पाकिस्तान से अलग बांग्लादेश का जन्म हुआ। राहुल ने भाजपा-आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी आजादी के समय से सरेंडर लेटर लिखने की आदत है, जबकि कांग्रेस सुपरपावर से लड़ती है और कभी नहीं झुकती। दरअसल, राहुल गांधी का यह पूरा बयान ऑपरेशन सिंदूर के बाद डोनाल्ड ट्रंप के दावे को लेकर है। ट्रंप ने भारत-पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लिया था।

### राहुल की भाषा पर सवाल

राहुल गांधी की यह टिप्पणी उनकी सामान्य आक्रामक शैली का हिस्सा है, लेकिन 'नरेंदर, सरेंडर' और 'जी हुजूर' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कई मायनों में असामान्य और अशोभनीय है। देश के प्रधानमंत्री के लिए ऐसी भाषा को किसी भी रूप में जायज नहीं ठहराया जा सकता। वह भी विपक्ष के नेता की ओर से ऐसी भाषा। इससे पहले भी देश ने प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता के बीच कई तंज देखे हैं, लेकिन किसी ने कभी मर्यादा की सीमा पार नहीं की। देश में लंबे समय तक भाजपा विपक्ष में रही है। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, सुषमा स्वराज जैसे नेता लंबे समय तक विपक्ष में रहे हैं। उनकी भाषा शैली और सरकार की उनकी आलोचना के तरीके का जनता मुरीद हुआ करती थी। लेकिन राहुल गांधी का यह बयान बताता है कि उनके मन में प्रधानमंत्री पद को लेकर कितनी गरिमा है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने इसे असभ्य और पाकिस्तान की आइएसआइ का प्रतिनिधित्व करने वाला बयान करार दिया।

### राहुल के सवालों से किसको फायदा

दरअसल भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर कह दिया है कि पाकिस्तान के साथ सीजफायर में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं थी। लेकिन राहुल गांधी बार-बार सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। वह सार्वजनिक तौर पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना को हुए नुकसान की रिपोर्ट मांग रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में पूछा था कि पाकिस्तान ने भारत के



कितने फाइटर जेट मार गिराये। इसी तरह उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर पर भी आरोप लगाया था कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले ही इसकी जानकारी पाकिस्तान को दे दी। राहुल गांधी ये सभी आरोप और सवाल ऐसे वक्त में उठा रहे हैं, जब देश अब भी जंग के खतरों से बाहर नहीं आया है। सेना ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

ऐसे में हर तरफ यही सवाल उठता है कि विपक्ष के नेता की यह भूमिका क्या वाकई देश हित में है। क्या राहुल गांधी के बयानों और पीएम मोदी को लेकर की गयी अनुचित टिप्पणी से किसका फायदा होगा? राहुल गांधी और कांग्रेस को समझना चाहिए कि देश की अंदरूनी राजनीति अपनी जगह है और बाहरी खतरों से निपटने की बात अलग है। अगर देश सुरक्षित रहेगा, तभी कांग्रेस या भाजपा या कोई दल सत्ता में आयेगा।

### पाकिस्तान परस्त है कांग्रेस का स्टैंड

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राहुल गांधी और उनकी पार्टी के नेताओं के बयानों को पाकिस्तान खूब भुना रहा है। विपक्ष के नेताओं के बयान दिखाकर पाकिस्तान ये नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के दावों पर भारत के विरोधी दल ही सवाल उठा रहे हैं। राहुल गांधी संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। जहां तक संसद में सवाल पूछने की बात है, सवाल पूछने में कोई बुराई नहीं है। संसद के विशेष सत्र की मांग करने में कोई बुराई नहीं है। विरोधी दलों के नेता संसद का विशेष सत्र क्यों बुलाना चाहते हैं? क्या वे संसद में हमारी सेना की शौर्य की गाथा सुनेंगे या प्रधानमंत्री मोदी से सवाल पूछकर हीरो बनने की कोशिश करेंगे? वे संसद में कहेंगे कि मोदी ने ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया, मोदी की डिप्लोमेसी फेल हो गयी, भारत पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ गया। वे सेना की तारीफ करेंगे और सेना को खुली छूट देने वालों को कायर कहेंगे। वे सेना का गुणगान करेंगे, लेकिन सेना के हाथ मजबूत करने वाले नेता का अपमान करेंगे।

सवाल ये है कि क्या ये सब करने से भारत का फायदा होगा? क्या ये सब कहने से हमारी फौज का मनोबल बढ़ेगा? जहां तक ट्रंप के सामने मोदी के सरेंडर का सवाल है, तो उसका जवाब चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, हमारी सेना, हमारे विदेश मंत्री और हमारे प्रधानमंत्री दे चुके हैं। वो ये कि ऑपरेशन सिंदूर रोकने का फैसला पाकिस्तानी सेना के डीजीएमओ की गुजारिश पर किया गया।

### राहुल को सबसे अच्छा जवाब शशि थरूर ने दिया

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने नेता राहुल गांधी को सबसे अच्छा जवाब दिया है। उन्होंने कांग्रेस के युवराज को 'मीडिएशन' (मध्यस्थता) और 'फैसिलिटेशन' (सुविधा) के बीच के फर्क को समझाया। शशि थरूर, जो वाशिंगटन डीसी में भारत का पक्ष रखने के लिए एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे, ने राहुल गांधी के बयान पर पूछे गये सवाल के जवाब में कहा, भारत को किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की जरूरत नहीं थी। हमने कभी किसी से कुछ मांगा नहीं। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के दावों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को रुकने के लिए किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी और जब पाकिस्तान ने युद्धविराम की बात शुरू की, तब भारत ने भी जवाब दिया। थरूर ने यह भी जोड़ा कि भारत भविष्य में भी, अगर पाकिस्तान से आतंकी हमले होते हैं, तो बल प्रयोग करने के लिए तैयार है। हमें पाकिस्तानियों के साथ उनकी आतंकवाद की भाषा में बात करने में कोई दिक्कत नहीं है। हम ताकत की भाषा का इस्तेमाल करेंगे और इसके लिए किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। एक महिला पत्रकार ने शशि थरूर से पूछा कि भारत में आपकी पार्टी लगातार प्रश्न पूछ रही है। कल ही आपकी पार्टी के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया? इस सवाल के जवाब में शशि थरूर ने कहा कि हमारे मन में अमेरिका के राष्ट्रपति पद के प्रति अगाध आस्था है, हम अमेरिका के राष्ट्रपति का सम्मान करते हैं, हम अपने बारे ये कह सकते हैं कि हमने विशेषकर किसी को मध्यस्थता करने के लिए कहा नहीं।

थरूर की यह प्रतिक्रिया न केवल कूटनीतिक थी, बल्कि इसमें एक सूक्ष्म तरीके से राहुल गांधी के बयान को खारिज करने की शैली थी। जहां भाजपा ने राहुल गांधी पर सीधे और तीखे हमले किये, वहीं थरूर ने अपने बयान में न तो राहुल का नाम लिया और न ही सीधे तौर पर उनकी आलोचना की। इसके बजाय, उन्होंने तथ्यों को सामने रखते हुए भारत की स्वतंत्र नीति और मजबूत रुख को रेखांकित किया।

### भाजपा हुई हमलावर

राहुल गांधी के बयान ने भाजपा को हमलावर होने का मौका दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसे राष्ट्रद्रोह करार देते हुए कहा कि राहुल गांधी ने भारतीय सेना की वीरता और साहस का अपमान किया है। नड्डा ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने 300 किमी तक पाकिस्तान में प्रवेश किया, 11 हवाई अड्डों को नष्ट किया, नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, और 150 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें डीजीएमओ, विदेश मंत्रालय, और यहां तक कि कांग्रेस के अपने नेताओं जैसे शशि थरूर, मनीष तिवारी, और सलमान खुर्शीद पर भरोसा करना चाहिए, जिन्होंने स्पष्ट किया कि कोई मध्यस्थता नहीं हुई थी। भाजपा ने राहुल गांधी को पाकिस्तान का एजेंट तक करार दिया, जिससे यह विवाद और गहरा गया। थरूर की प्रतिक्रिया ने बिना व्यक्तिगत हमले किये राहुल के तर्क को कमजोर कर दिया। उन्होंने यह दिखाया कि भारत की नीति स्वतंत्र थी और किसी बाहरी दबाव का परिणाम नहीं थी, जिससे राहुल का सरेंडर वाला दावा कमजोर पड़ गया है।

---

# सड़कों के नाम पर हो रहे घोटाले : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर से हेमंत सरकार को निशाने पर लिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछायी जा रही हैं। पथ निर्माण विभाग मुख्यमंत्री स्वयं संभाल रहे हैं, तो यह विभाग भ्रष्टाचार में कैसे पीछे रह सकता है? वैसे यहां पथ निर्माण विभाग में ठेकेदारों के चयन से लेकर टेंडर लेने-देने का काम कैसे होता, यह सर्वविदित है। अगर टेंडर नये न्यूनतम दर में भी एलाट होता है तो बाद में ज्यादा काम दिखाकर पेमेंट बढ़ा देने एवं इसके लिये मनमाना वसूली का खेल किसी से छिपा नहीं है।



बाबूलाल ने आगे लिखा है कि सीएम ने ठान लिया है कि जब तक गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स वाले आकर सबसे ज्यादा घोटाले करने का रिकॉर्ड उनके नाम नहीं कर देते, वे रुकने वाले नहीं हैं। लोहरदगा ज़िले के पेशरार गांव में जिस 'सड़क' का निर्माण हो रहा है, वहां सड़क की गिट्टी, डामर या जीएसबी (ग्रैन्युलर सब-बेस) का नामोनिशान नहीं है। सीधे मिट्टी डाली जा रही है, और ऊपर से खानापूर्ति के लिए थोड़ा बहुत मसाला छिड़ककर सबकी आंखों में धूल झोंकी जा रही है। सड़क निर्माण में जीएसबी वह नींव होती है, जिस पर पूरी सड़क की ताकत टिकी होती है, पर यहां तो नींव ही गायब है।

जिस सरकार की नींव ही घोटालों और भ्रष्टाचार पर टिकी हो, वहां ये छोटी-मोटी सड़कें तो बारिश में बहने के लिए ही बनती हैं। मुख्यमंत्री इसकी जांच कराइये और दोषी लोगों पर कठोर कार्रवाई करिये। हां, ध्यान रहे कि कहीं आपकी चोर मंडली उल्टे इस भ्रष्टाचार का वीडियो बनाने वाले पर ही झूठा मुकदमा करवा कर उसे ही परेशान करने न लग जाये। जैसा आजकल आपके राज में हो रहा है।

# बिहार में निलंबित एएसआइ के घर मिला 1.40 करोड़ नगद

**एके-47, इंसास, दूसरे हथियार और 145 कारतूस भी बरामद**

**छापामारी करने पहुंची एसटीएफ पर फायरिंग के बाद पांच गिरफ्तार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**समस्तीपुर/पटना।** समस्तीपुर में निलंबित एएसआइ सरोज सिंह के घर से करीब 1.40 करोड़ नगद और भारी मात्रा में गोला-बारूद मिला है। शुक्रवार की सुबह एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम सरोज सिंह के घर छापा मारने पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही सरोज की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गयी। फिर एसटीएफ की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गयी। छापेमारी के दौरान घर से एके-47 राइफल, इंसास राइफल,



रेगुलर राइफल और दो नाली बंदूक के साथ-साथ 145 से अधिक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। सरोज 2008 बैच का सिपाही है। पटना में गर्दनीबाग के झुनझुन महल स्थित सरिता वाटिका के हाउस नंबर 4 इ में छापेमारी कर कुल 1.40 करोड़ रुपये नगद भी बरामद किया गया। इसी ठिकाने से नोट गिनने की मशीन मिली है। सरोज दानापुर थाना के तहत सगुना मोड़ के नया टोला में महानंद राय के घर में किराये पर रह रहा था। टीम ने यहां पर भी छापेमारी की। यहां से 11 लाख रुपये के जमीन एग्रीमेंट के दस्तावेज मिले। टीम ने पटना में ही रूपसपुर थाना के तहत जमीन खरीद-बिक्री करने वाली कंपनी बीएल इंफ्रा इव प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस में छापेमारी की। यहां से दो करोड़ रुपये के जमीन के 40 एग्रीमेंट पेपर बरामद किये हैं। पुलिस ने सरोज सिंह समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

**हत्या की प्लानिंग की सूचना पर पहुंची थी पुलिस :** बिहार पुलिस मुख्यालय के मुताबिक प्रिंस मुखिया और नवीन सिंह को जान से मारने की प्लानिंग थी। इसकी सूचना एसटीएफ को मिली। इसके बाद एसटीएफ की तरफ से कार्रवाई की गयी। छापेमारी के दौरान सरोज सिंह के पास से एक एके-47 और 18 गोलियां बरामद की गयीं। निशांत कुमार राय के पास से एक इंसास राइफल, 70 गोलियां और चार मैगजीन मिली। गिरफ्तार परशुराम सिंह के पास से एक कार्बाइन और 12 गोलियां, मुन्ना यादव के पास से एक रेगुलर राइफल, दो डबल बैरल बंदूक, 45 गोलियां और चार खोखे बरामद किये गये। सरोज सिंह के पास से 1.10 करोड़ रुपये की जमीन से संबंधित दस्तावेज बरामद किये गये हैं। इसके साथ ही एक बुलेट बाइक भी बरामद हुई है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.1°c | 23.6°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.02 बजे |



# कार्तिक उरांव सिरमटोली फ्लाइओवर अद्भुत, अतुलनीय, अविस्मरणीय : हेमंत

## बेहतरीन डिजाइन और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का अद्भुत संगम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के सिरमटोली में बना कार्तिक उरांव फ्लाइओवर एक प्रमुख स्थलचिह्न बन गया है। यह फ्लाइओवर अपनी अनूठी विशेषताओं और बेहतरीन डिजाइन और टेक्नोलॉजी के जरिए खुद अपनी कहानी बयां कर रहा है। इस फ्लाइओवर का निर्माण सिर्फ ट्रैफिक को सुगम बनाने के लिए नहीं, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के लिए किया गया है।


सीएम हेमंत सोरेन ने भी सोशल मीडिया में लिखा है कि अद्भुत, अतुलनीय, अविस्मरणीय... रांची में नवनिर्मित फ्लाइओवर कार्तिक उरांव जी के नाम से झारखंड की जनता को समर्पित।

**ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए विशेष व्यवस्था :** फ्लाइओवर की रेलिंग पर 1.6 मीटर ऊंचा साउंड प्रूफ क्रैश बैरियर लगाया गया है, जो वाहनों की आवाज को कम करता है। इससे आसपास के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों को शांति और सुकून मिलता है।

**आकर्षक लाइटिंग व्यवस्था :** फ्लाइओवर पर हर तीन मिनट पर ट्राई-कलर लाइट बदलती है, जो तिरंगे का एहसास कराती है। इसके अलावा हर 30 मीटर पर डबल आर्म लाइट्स, लगा है, जो फ्लाइओवर को रोशन करता है। वहीं मेकॉन गोलंबर, देवेंद्र मांझी चौक, राजेंद्र चौक, नेपाल हाउस मोड़, पटेल चौक और सिरमटोली चौक के पास कुल छह स्थानों पर हाइमास्ट लाइटें लगायी गयी हैं, जिससे पूरा क्षेत्र दूधिया रोशनी से सराबोर कर देती हैं।

**मलेशिया का केबल, डिजाइन में आइआइटी का सहयोग :** इसको तैयार करने में कुल 42 मोनो पाइल (पिलर) के अलावा 72 केबल का इस्तेमाल किया गया है।

फ्लाइओवर बनाने वाली कंपनी एलएंडटी ने केबल को मलेशिया से मंगवाया है। एक केबल में 45 से 54 वायर जुटे हुए हैं, जो झूलते ब्रिज को मजबूती देते हैं। इसका डिजाइन एलएंडटी और आरसीडी की मदद से आइआइटी मुंबई ने तैयार किया है।





### रेलवे लाइन पर देश का सबसे बड़ा केबल स्टे ब्रिज

आपको जानकर हैरानी होगी कि रेलवे लाइन पर बना देश का यह सबसे लंबा केबल स्टे ब्रिज है। रेलवे लाइन पर इसकी लंबाई 132 मीटर है, जो केबल के सहारे टिकी हुई है। यह जानकारी पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप ने दी। उन्होंने बताया कि पूरे भारत में, इतना लंबा केबल स्टे ब्रिज कहीं नहीं है।

### हरमू नदी और ओवर ब्रिज का पार्ट भी केबल पर है टिका

केबल पर टिका फ्लाइओवर का दूसरा हिस्सा हरमू नदी और पुराने ओवर ब्रिज के ऊपर से गुजरा है। इसकी लंबाई 94 मीटर है। यहां डबल डेकर का नजारा देखते बनता है। कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप ने बताया कि हरमू नदी और पुराने ओवर ब्रिज को डिस्टर्ब किये बगैर केबल के सहारे ब्रिज को बनाना बेहद चुनौती भरा कार्य था। इस दौरान आसपास के तमाम घरों-अपार्टमेंट का ख्याल रखा गया। अंडर ग्राउड केबल और वाटर सप्लाई पाइप लाइन ज्यादा प्रभावित ना हो, इसमें संबंधित विभागों ने पूरा सहयोग किया। निर्माण में एक से बढ़कर एक अनूठे और मॉर्डन मशीनों का इस्तेमाल हुआ।

### 238 घंटा रोका गया था ट्रेनों का परिचालन

इस परियोजना के तहत रेलवे लाइन पर ब्रिज बनाने के लिए कुल 238 घंटों तक ट्रेनों का परिचालन रोका गया था, ताकि निर्माण बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके।

### निर्माण में लगा 2 साल 9 महीना 16 दिन का समय

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नींव 19 अगस्त 2022 को रखी गयी थी, जो 5 जून को आम जनता के लिए खोल दिया है। दो साल नौ महीना 16 दिन में बना यह फ्लाइओवर सिरमटोली, पटेल चौक, राजेंद्र चौक, नेपाल हाउस मोड़, मेकॉन गोलंबर जैसे व्यस्त क्षेत्रों को जोड़ता है।

# कनाडा पीएम ने मोदी को जी 7 समिट का न्योता भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कनाडा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी 7 देशों की समिट में शामिल होने के लिए न्योता भेजा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मोदी को फोन कर समिट के लिए बुलाया है। मोदी ने पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। मोदी ने आमंत्रण के लिए कार्नी का आभार जताया और कनाडा के चुनाव में जीत हासिल करने पर बधाई भी दी। साथ ही कहा कि उन्हें समिट में कार्नी से मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। यह समिट कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कनानास्किस में 15 से 17 जून तक होगी। भारत को यह न्योता समिट शुरू होने के ठीक 8 दिन पहले मिला है।



# बेंगलुरु भगदड़ः सीएम सिद्धारमैया ने राजनीतिक सचिव को हटाया

हाइकोर्ट ने कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के अफसरों की गिरफ्तारी पर रोक लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को अपने राजनीतिक सचिव के. गोविंदराज को बर्खास्त कर दिया। सूचना विभाग के प्रमुख हेमंत निंबालकर का ट्रांसफर कर दिया गया है। दूसरी तरफ, कर्नाटक हाइकोर्ट ने कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को 16 जून तक गिरफ्तारी से राहत दे दी है। केएससीए ने भगदड़ मामले में अपने खिलाफ दर्ज एफआइआर रद्द कराने की मांग की थी। कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को केएससीए, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। बेंगलुरु पुलिस ने शुक्रवार सुबह आरसीबी के सीनियर मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के तीन अधिकारियों- किरण, सुमंथ और सुनील मैथ्यू को गिरफ्तार किया। बताते चलें कि बेंगलुरु में 4 जून को मची भगदड़ में 13 साल लड़की सहित 11 लोगों की मौत हो गयी थी। 33 घायल हो गये थे। यह घटना बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की विक्ट्री परेड से पहले हुई।





## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — राजकीय कार्य में अधिकारियों से मतभेद होंगे, व्यर्थ की परेशानी होगी क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी।

**वृष** — रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, परिवार में सुख-शांति का मांगलिक कार्य होंगे।

**मिथुन** — जमीन-जायदाद संबंधी काम होगा।विद्यार्थियों के लिए समय उत्साहवर्धक रहेगा।

**कर्क** — मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी, आर्थिक हानि तथा सुख शांति की हानि हो सकती है।

**सिंह** — बिना कारण आप किसी प्रकार की जोखिम से परहेज रखें। कठिन परिश्रम एवं बुद्धि-चतुरता से संकल्पित काम पूरे होंगे।

**कन्या** — किसी विशिष्ट व्यक्ति से मुलाकात होगी। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद से व्यतीत होगा।

**तुला** — तुला-अपनी कर्तव्यनिष्ठा और वाकपटुता से असंभव सा कार्य भी प्रतिपादित कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — चिर परिचितों से भेंट और लाभ, भौतिक सुख-सुविधा मिलेगी। प्रेम प्रसंगों में सफलता।

**धनु** — नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है, धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।

**मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है। घर में किसी मांगलिक उत्सव का आयोजन होगा।

**कुंभ** — मानसिक परेशानी दूर होगी, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी।कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।

**मीन** — गृह-भूमि-वाहन का सुख, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी। बुद्धि-चतुराई से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।

# अब पंचायत सचिवालय में बनेगा आधार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने डिजिटल पंचायत की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आधार बनाने और अपडेट करने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी होगी, क्योंकि यह सुविधा अब पंचायत सचिवालय में भी उपलब्ध होगी।

**ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों का समय और पैसा दोनों की होगी बचत :** इस नयी पहल के तहत, ग्रामीण अपने नजदीकी पंचायत में ही आधार कार्ड बनवा सकेंगे और आवश्यकतानुसार उसमें अपडेट भी करवा सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को काफी लाभ होगा। उन्हें अब आधार से संबंधित कार्यों के लिए शहरों या दूरस्थ केंद्रों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे उनका समय और पैसा दोनों की बचत होगी।

### सीएससी-एसपीवी के साथ जल्द सरकार करेगी एमओयू

झारखंड सरकार ने इस संबंध में आवश्यक मंजूरी दे दी है। जल्द ही राज्य सरकार और सीएससी-एसपीवी के बीच एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) होगा। इसके बाद पंचायतों में आधार केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।



### आधार सेवाओं की जानकारी

आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने की प्रक्रिया को और अधिक जानने के लिए, आप यूआइडीएआइ की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं या अपने नजदीकी आधार केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। वहां आवश्यक जानकारी और सहायता आपको मिल जायेगी।

# भाजपा का सिद्धांत, दलितों का इस्तेमाल करो और फेंक दो : राधाकृष्ण किशोर

सीएम से अनुसूचित जाति राज्य आयोग और अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद को पुनर्जीवित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर अनुसूचित जाति राज्य आयोग व अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद को पुनर्जीवित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन काल में अनुसूचित जाति आयोग का गठन हुआ था जो कभी भी क्रियाशील नहीं रहा।

मंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में दलित वोट लेने के लिए भाजपा ने 2018 में अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया गया था। आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर दी गयी थी। लेकिन आयोग में किसी भी पदाधिकारी की पदस्थापना नहीं होने के कारण अनुसूचित जाति आयोग कभी भी क्रियाशील नहीं रही। वर्तमान में अनुसूचित जाति राज्य आयोग अस्तित्व में ही नहीं है। इसी तरह झारखंड के दलितों के संरक्षण एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए नीति तैयार करने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद का गठन किया था, नियमावली भी बना दी गयी थी। 17 वर्षों से अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद कल्याण विभाग भी संचिकाओं में ही दर्ज होकर रह गयी। यह झारखंड के अनुसूचित जाति के साथ क्रूर मजाक की तरह है। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा शासन काल में राज्य के दलित/एससी के साथ राजनीतिक दृष्टिकोण से उपयोग करो और फेंक दो का सिद्धांत अपनाया गया है। उन्होंने कहा है कि, राज्य गठन के लगभग 25 वर्ष पूरा होने जा रहा है। झारखंड में अनुसूचित जाति की संख्या लगभग 50 लाख है। आज भी झारखंड के हरिजन जाति के लोग सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़े हुए हैं। अधिकांशतः दलित वर्ग के लोग भूमिहीन हैं और मजदूरी कर अपनी जीविका चलाते हैं।



# छह दिवसीय दौरे पर आज आ रहे कांग्रेस प्रभारी के राजू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू 7 जून को अपने छह दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने दी। इस दौरान के राजू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश राज्य के कई जिलों में बैठकों और कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

दौरे की शुरूआत 8 जून को सिमडेगा जिला कांग्रेस कार्यालय में सुबह 10 बजे से होगी, जहां पार्टी के जिला व ब्लॉक पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके बाद शाम 4 बजे चाईबासा में पेसा कानून को लेकर नागरिक समाज के साथ परामर्श होगा। 9 जून को रामगढ़ में संगठनात्मक बैठक और बोकारो में दोपहर 3 बजे संविधान बचाओ रैली होगी। वहीं,10 जून को लातेहार में बैठक और चतरा में रैली का आयोजन किया जायेगा। 11 जून को रांची में पेसा कानून पर चर्चा और एससी नेताओं के साथ विशेष बैठक होगी। 12 जून को लोहरदगा और गुमला में संगठनात्मक बैठकें होंगी। दौरे के समापन के बाद प्रभारी के राजू 12 जून की रात 9 बजे रांची से हैदराबाद रवाना होंगे।



# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हैदराबाद में आयुध निर्माणी मेडक का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को हैदराबाद स्थित आयुध निर्माणी मेडक का दौरा किया। वहां पहुंचने पर संजय द्विवेदी, सीएमडी/एवीएनएल और सत्यव्रत मुखर्जी, निदेशक (संचालन) ने रक्षा राज्य मंत्री का स्वागत किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने उत्पादन सुविधाओं का निरीक्षण किया, उत्पादन कार्यक्रमों की समीक्षा की और इकाई की तैयारियों की सराहना की। सांसद, मेडक रघुनंदन राव के साथ उन्होंने टैंक की सवारी की।

### भाजपा तेलंगाना मुख्यालय में संजय सेठ का जोरदार स्वागत

इसके बाद संजय सेठ हैदराबाद में भाजपा तेलंगाना मुख्यालय पहुंचे। भाजपा मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भाजपा मुख्यालय में एक पेड़ मां के नाम के तहत यहां पौधरोपण किया। सेठ ने कहा कि कार्यकर्ताओं के आत्मीय स्नेह और और सम्मान से अभिभूत हूं। इस अवसर पर भाजपा की सांसद और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके अरुणा, तेलंगाना के महासचिव कसम वेंकटेश, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राठौड़ और भाजपा प्रवक्ता दिलीप आचार्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# संगठित-शक्तिशाली हिंदू करेगा राष्ट्र और धर्म की रक्षा : अंबरीश सिंह

विश्व हिंदू परिषद शिक्षा वर्ग और बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विगत 27 मई से लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे विश्व हिंदू परिषद शिक्षा वर्ग एवं बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ। मौके पर बजरंग दल द्वारा योग, दंड, नियुद्ध बाधा पार करना सहित कई अन्य शारीरिक क्रियाकलापों का प्रदर्शन मंच के समक्ष किया गया। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री सह केंद्रीय विशेष संपर्क प्रमुख अंबरीश सिंह ने कहा विश्व हिंदू परिषद हिंदवः सोदरा सर्वे का भाव लेकर संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रही है। हिंदुत्व का चिंतन सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया एवं वसुधैव कुटुंबकम है जबकि अन्य संप्रदायों में केवल उनका धर्म बढ़े, विश्व में उनका धर्म ही रहे इस उद्देश्य को लेकर कार्य होते हैं। विदेशी आक्रांताओं के दुष्प्रभाव से देश में जातियां बनीं परंतु हिंदू धर्म की विशेषता है कि चारों धाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग, बावन शक्तिपीठों में कोई जाति नहीं केवल हिंदू दिखायी पड़ते हैं। प्रयागराज में हुए महाकुंभ के माध्यम से संपूर्ण विश्व ने जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता, छुआछूत के मिथ्या आरोपों को मिटते हुए एवं संपूर्ण हिंदू समाज की एकता एवं राष्ट्र की अखंडता का दृश्य देखा। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षित परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता राष्ट्र ,धर्म एवं समाज के उत्थान के लिए हर कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं। संगठित एवं शक्तिशाली हिंदू समाज द्वारा देश धर्म के विरोधीयों को परास्त कर देश की एकता और अखंडता की रक्षा करना ही हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने किया। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने अपनी प्रस्तावना में प्रशिक्षण वर्ग से संबंधित संख्यात्मक जानकारी, प्रशिक्षण कार्यों एवं प्रशिक्षण के निमित्त केंद्र ,क्षेत्र एवं प्रांत पदाधिकारियों के वर्गप्रवास का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वर्ग के सर्वव्यवस्था प्रमुख एवं लोहरदगा जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, वर्गाधिकारी बलदेवायार्य, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सहमंत्री राम नरेश सिंह एवं मनोज पोद्दार, मार्गदर्शक मंडल प्रांत संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, कल्याण आश्रम के केंद्रीय पदाधिकारी कृपा प्रसाद सिंह, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, बजरंग दल प्रांत सहसंयोजक जनार्दन पांडेय, प्रांत सेवा सह प्रमुख विनय कुमार, प्रांत गोरक्षा सह प्रमुख दीपक ठाकुर, लोहरदगा के पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, लाल ओंकार नाथ शाहदेव, गुमला विभाग मंत्री केशव चंद्र साय, अनूप यादव, महेंद्र नाथ, राजेश दुबे, रंजीत साहू, मनीष बाबू, द्वारिका तिवारी, अमर प्रसाद, कैलाश केसरी, डॉ जेएन दास, भुनेश्वर साव, आनंद कुमार के साथ-साथ राजेश महतो, सुनील अग्रवाल, नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो सहित अनेक गणमान्य नागरिक, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## स्पीकर ने स्कूली शिक्षा सचिव को लिखा पत्र

# 8000 पारा शिक्षकों की सेवा करें बहाल : रबींद्रनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने स्कूली शिक्षा सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि राज्य के लगभग 8000 सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) की सेवा बहाल की जाये। पत्र में आगे लिखा है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुझे कुछ पारा शिक्षकों द्वारा एक आवेदन समर्पित किया और अवगत कराया कि हजारों पारा शिक्षक जो हिंदी साहित्य सम्मेलन इलाहाबाद, प्रयाग महिला विद्यापीठ आदि संस्थानों से मैट्रिक, इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण हैं। उन्हें सेवा से हटाने का आदेश निर्गत किया गया है।

**20 साल से हैं कार्यरत :** स्पीकर ने कहा है कि ये सहायक अध्यापक 20 वर्षों से कार्यरत हैं। लंबी अवधि से कार्यरत रहने और अन्य विभागों में ऐसे बोर्ड से उत्तीर्ण उम्मीदवार के कार्यरत होने के आधार पर नियमानुसार सेवा जारी रखने के संबध में एक बार विचार किया जा सकता है।






आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# निलंबित आइएएस विनय चौबे के खिलाफ चलेगा आय से अधिक संपत्ति का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शराब घोटाले में गिरफ्तार निलंबित आइएएस विनय चौबे के खिलाफ अब आय से अधिक संपत्ति का मामला चलेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, एसीबी को सरकार से इसकी अनुमति मिल गयी है। उल्लेखनीय है कि झारखंड में शराब घोटाले में गिरफ्तार विनय कुमार चौबे की



मुसीबत बढ़ गयी है। एसीबी ने अब विनय कुमार चौबे और उनके करीबियों-रिश्तेदारों की संपत्ति की जांच भी शुरू कर दी है। एसीबी को शेल कंपनियों में निवेश करने का साक्ष्य भी मिले हैं। एसीबी ने 21 मई को विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था और बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। इस मामले में दोनों अधिकारियों पर पद का दुरुपयोग करने और सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

# जेएलकेएम ने किया कांके ब्लॉक ऑफिस का घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा क्षेत्रीय अधिकार और भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय कांके का घेराव किया गया। ग्रामीणों में जमीन विवाद, अबुआ आवास, पेंशन वितरण और अन्य सरकारी योजनाओं में अनियमितता से भारी आक्रोश है। आंदोलन का समर्थन करने संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो पहुंचे। घंटों तक कार्यालय को घेर कर रखा। जमकर नारेबाजी की। स्थिति को नियंत्रित करने स्थानीय कांके थाना



प्रभारी प्रकाश रजक दल-बल के साथ पहुंचे। देर शाम को आंदोलनरत ग्रामीणों के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास से वार्ता हुई। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि जमीन कागजी पेंच में जानबूझकर फंसाया जा रहा है। सुधार के नाम पर दलाल और बिचौलिये से कार्यालय की साठगांठ होती है। प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का जड़ बनते जा रहा है। मनमानी तरीके से अपने लोगों में ही केवल सरकारी योजनाओं की बंदरबांट हो रही है। इस आंदोलन में फुलेश्वर बैठा, राजू महतो, विनोद डॉन, रविंद्र कुमार दीपक, जयंती देवी, रिंकी चौधरी, सूरज नारायण महतो, जलेश्वर मार्शल, नवीन, अजय, प्रवीण, गौतम, मंटू आदि सैकड़ों संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बायोम के स्टूडेंट्स का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, अब मेडिकल कॉलेज जाने की तैयारी

## संस्थान में पढ़ने वाले 20 से ज्यादा स्टूडेंट्स को बारहवीं में 90 से ज्यादा अंक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मेडिकल परीक्षा की तैयारी कराने वाली संस्थान बायोम के स्टूडेंट्स ने सीबीएसइ 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। अब मेडिकल कॉलेज जाने की तैयारी में हैं। इसमें रांची केंद्र से पढ़ाई करने वाले सिद्धार्थ ने 98.4% अंक लाकर झारखंड के टॉप स्कोरर में अपनी जगह बनायी है। इसके अलावा 20 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं। इसमें कशिश ने 96%, रुचि प्रिया ने 96%, नित्या ने 95%, श्रेया ने 95.4%, दिव्या



ने 94.8 प्रतिशत, निखिल ने 94.4%, दिव्यांशु ने 94.2 प्रतिशत, स्नेही ने 93.6%, आर्यंस ने 92.2%, राघव ने 92%, अपूर्व ने 92%, संस्कृति ने 91.8 प्रतिशत, श्रुति ने 91.6, अदिति ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। यह सभी छात्र-छात्राएं मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 की परीक्षा भी दिये हैं। बायोम संस्थान के डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन अंक प्राप्त कर पहला पड़ाव पार कर लिया है। जो नीट यूजी की परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और देश के जाने-माने सरकारी मेडिकल कॉलेज में अपनी जगह बनायेंगे।

### बायोम इंस्टीट्यूट का नया बैच 12 जून से

बायोम इंस्टीट्यूट के निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि बायोम स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट में बेहतर अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को उनके मेरिट के आधार पर ट्यूशन फीस में 10 से 100 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। आने वाले दिनों में बायोम स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट का आयोजन 8 जून को बायोम इंस्टीट्यूट के न्यू नगड़ा टोली और हिनू सेंटर पर होगा। टेस्ट में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी बायोम इंस्टीट्यूट के दोनों सेंटर से ऑफलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन संस्थान की वेबसाइट से किया जा सकता है।

## स्कूली बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री वितरित

# शिक्षा के बिना सामाजिक नवनिर्माण की बातें बेमानी : प्रिया लखोटिया

**शिक्षित समाज से ही स्वस्थ और स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण संभव : अनीता अग्रवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक संस्था जेसीआइ रांची उड़ान की अध्यक्ष अदिति मेवाड़ा, सचिव प्रिया लाखोटिया व पास्ट प्रेसिडेंट अनीता अग्रवाल की पहल पर समाजसेविका उमा जैन के सौजन्य से हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित (एचआइ-1-100) आवासीय परिसर के निकट आर्थिक रूप से कमजोर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर 30 छात्रों के बीच कॉपी, कलम पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, बॉल प्वाइंट पेन आदि वितरित किये गये।



इस अवसर पर जेसीआइ रांची उड़ान के अध्यक्ष अदिति मेवाड़ा ने बच्चों को प्रेषित अपने संदेश में कहा कि शिक्षित समाज से ही स्वस्थ और स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण संभव है। वहीं, संस्था की पास प्रेसिडेंट अनीता अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा सामाजिक बुराइयां दूर करने में काफी सहायक होती हैं। इसलिए बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना जरूरी है।

संस्था की सचिव प्रीति लखोटिया ने कहा कि शिक्षित समाज के बिना सामाजिक नवनिर्माण की बातें बेमानी है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति सजग रहने और आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को निशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करा रहे भूतपूर्व सैनिक ललन कुमार मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।

# पर्यावरण कानूनों का अनुपालन अत्यावश्यक : प्रो गोपाल पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरुकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में पर्यावरण संबंधी कई कानून हैं, आवश्यकता है तो इनके अनुपालन की। विकसित देशों की तरह आज अगर हम इन कानूनों का सख्ती से पालन करें, तो आनेवाले समय में कई क्रांतिकारी परिवर्तन इस दिशा में देश में देखने को मिलेंगे। इसके लिए हमें अपनी मानसिकता को भी बदलना होगा। वे 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर विवि परिसर में 'प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने इंडियन नॉलेज सिस्टम (आइकेएस) के सहयोग से किया।



कार्यक्रम में आइकेएस की सेंटर इंचार्ज प्रो नीलिमा पाठक, आइक्यूएसी के निदेशक डॉ संदीप कुमार, डॉ प्रियंका मिश्रा एवं डॉ आरएन झा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विषय परिचय डॉ स्वातिलेखा महतो और धन्यवाद भाषण सुधीर कुमार ने दिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय संस्था ग्रीन मेंटर्स द्वारा सरला बिरला विश्वविद्यालय को ग्रीन यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता और गोल्ड रैंकिंग से सम्मानित किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। डॉ पाठक ने विवि परिवार की ओर से पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के विवि की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की शपथ भी ली गयी। इस अवसर पर डॉ गौतम तांती, डॉ अरविंद भंडारी समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन और विवि को ग्रीन रैंकिंग प्रदान किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# निर्जला एकादशी पर श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुई विशेष पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर में निर्जला एकादशी पूजा का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा कृष्णजी का भव्य अलौकिक श्रृंगार, विशेष पूजा अर्चना, महाप्रसाद भोग, भजन-कीर्तन एवं सामूहिक महा आरती का आयोजन किया गया। श्री राज श्यामजी को फल, मेवा, चूरमा, पेड़ा का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडेय द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गयी। तत्पश्चात भजन कीर्तन के कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने सुमधुर मनमोहक भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। इसके बाद सबों ने सामूहिक महाआरती में भाग लिया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान, विष्णु सोनी, सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, पवन पोद्दार, नंदकिशोर चौधरी, गिरधारी सर्राफ, दीपक सर्राफ, शशि, कांता, अनुराधा, अंजलि, तरुण, अतुल उपस्थित थे।

# निर्जला एकादशी उत्सव मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मैने अर्जी लिख दी बाबा तेरे दरबार में, बस मोहर लगा दो अपनी खड़ा इंतजार में... पर भाव विभोर हुए भक्तगण अवसर था अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को निर्जला एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धाभाव वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः से ही भक्तों की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब, मोगरा एवं तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया।

रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन



प्रारंभ किया गया। श्याम तेरे भरोसे मेरा ये परिवार है... तुझको रिझाएंगे भजन तेरा सुनायेंगे... खूब सज्यों श्रृंगार खाटू वाले को... छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा सात जन्म तक... हमें तो जी भी दिया श्याम बाबा ने दिया... इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण झूमते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मेवा - फल - खीर चूरमा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज ढांढनियां, नितेश केजरीवाल, नितेश लाखोटिया, विकास पाड़िया, राजेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, विवेक ढांढनियां, प्रदीप अग्रवाल का सहयोग रहा। 7 जून को संध्या 6:30 बजे श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया जायेगा।

# रथ मेला की तैयारियों का आगाज

**मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और पूर्व वित्त मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने शुक्रवार को राजधानी रांची के धुर्वा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, संजीत यादव, कुमुद रंजन, राजेश कुमार यादव, रांची महानगर काली पूजा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, बबलू वर्मा, अजीत कुमार सिंह, और पासवा वॉलिंटियर्स के सदस्य विशाल सिंह, मेहुल दुबे, ज्योति सिंह चौहान, शालिनी शर्मा भी मौजूद रहे। पूजा के उपरांत मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आगामी 27 जून को आयोजित होने वाले रथ मेला की तैयारियों की



समीक्षा करते हुए कहा कि, इस बार रथ मेला पुराने परंपरागत स्वरूप और भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। सरकार की ओर से सभी आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जायेगा। यह धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक महत्व रखता है, बल्कि इसका सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष भी अत्यंत व्यापक है। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रथ यात्रा के दिन स्वयं भगवान जगन्नाथ की पूजा करेंगे और रथ खींचने में हिस्सा लेंगे। विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने बताया कि वह 1974 से लगातार रथ यात्रा में भाग लेते रहे हैं। उन्होंने भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा से राज्यवासियों की खुशहाली, समृद्धि और गरीबी उन्मूलन की प्रार्थना की। पूजा के बाद मंत्री और अन्य नेताओं ने निमार्णाधीन रथ का निरीक्षण कर तैयारियों पर संतोष जताया। पूजा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। मीडिया से बातचीत में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और डॉ उरांव ने राज्य में अच्छी बारिश की कामना की, ताकि किसानों और आम लोगों को राहत मिल सके। वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा, धार्मिक आयोजन लोगों को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ते हैं। रथ मेला से कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता। उन्होंने मंत्री से पानी, बिजली, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शौचालय जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं मेले में उपलब्ध कराने का आग्रह किया। साथ ही मेला की नीलामी या टेंडर प्रक्रिया नहीं करने का भी अनुरोध किया, जिससे ग्रामीण इलाकों से आये दुकानदारों को दुकान लगाने में आसानी हो।

कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि इस बार भी कांग्रेस कार्यकर्ता और सामाजिक संगठन जन सेवा हेतु मेले में सक्रिय रहेंगे। वहीं डॉ. राजेश गुप्ता 'छोटू' ने कहा, आगामी रथ मेला में राज्य की सांस्कृतिक धरोहर की अद्भुत झलक देखने को मिलेगी।

# प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**प्रधानमंत्री ने चिनाब ब्रिज - दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज और अंजी ब्रिज - भारत का पहला केबल-स्टे रेल ब्रिज का उद्घाटन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने वीर जोरावर सिंह की धरती को नमन करते हुए इस कार्यक्रम को भारत की एकता और संकल्प महोत्सव के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि आज कश्मीर की घाटी भारत के विशाल रेल नेटवर्क से जुड़ गयी है। उन्होंने कहा, हमने सदा मां भारती का स्मरण 'कश्मीर से कन्याकुमारी' को अलंकृत किया है। आज यह भाव भारतीय रेलवे नेटवर्क में भी साकार हुई है।

उन्होंने उधमपुर-श्रीनगरझबारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया। यह 272 किमी की परियोजना लगभग ?43,780 करोड़ की लागत से पूरी हुई है। इसमें 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं। यह कश्मीर को पूरे देश से जोड़ने वाली ऑल वेदर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी। प्रधानमंत्री ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**नयी सड़क और फ्लाइओवर परियोजनाए :** रफियाबाद से कुपवाड़ा (एनएच-701) सड़क का चौड़ीकरण, शोपियां बाइपास रोड (एनएच -444), श्रीनगर के संग्रामा और बेमिना जंक्शन पर दो नये फ्लाइओवर

### महत्वपूर्ण घोषणा और उद्घाटन

- उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेललाइन परियोजना का उद्घाटन - यह जम्मू-कश्मीर की नयी ताकत का प्रतीक है और भारत की प्रबलता का प्रमाण है।
- चिनाब ब्रिज - 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज।
- अंजी ब्रिज - भारत का पहला केबल-स्टे रेल ब्रिज।
- जम्मू-कश्मीर के अंदर वंदे भारत ट्रेन को रवाना किया गया।
- जम्मू में नये मेडिकल कॉलेज की सूची जारी की गयी।
- यूएसबीआरएल परियोजना और वंदे भारत एक्सप्रेस

**युवाओं से विशेष आग्रह :** प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं से आग्रह किया कि वे भारत के मैन्युफैक्चरिंग मिशन में भाग लें। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और मिशन मैन्युफैक्चरिंग भारत को रक्षा निर्यात में अग्रणी बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इससे देश में बड़े पैमाने पर रोजगार उत्पन्न होंगे।

**'मेड इन इंडिया' को अपनायें:** प्रधानमंत्री ने आह्वान किया कि सभी भारतीय भारतीय निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दें। यह सच्चे अर्थों में राष्ट्र सेवा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और भारत के उज्ज्वल भविष्य की ओर हम सब मिलकर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद लेकर देश को समर्पण और विकास के पथ पर आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, वी सोमन्ना और डॉ जितेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 जून, 2025
www.azadsipahi.in


## पेज-01 का शेष

### अर्थव्यवस्था कृषि के बिना...

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों- पशुपालकों को अब जो भी पशु धन दिये जा रहे हैं, उसका बीमा सरकार करा रही है। ताकि, बीमारी अथवा किसी अन्य वजह से अगर पशु की मौत हो जाती है ,तो किसानों को किसी तरह का आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि दुग्ध, मछली, मीट आदि के उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर बने, इसके लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले 5 से 7 वर्षों में झारखंड इनके उत्पादन में ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि निर्यात करने में भी सक्षम होगा।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, सचिव अबू बकर सिद्दीक, निदेशक पशुपालन किरण पासी, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ मीनेश शाह और झारखंड मिल्क फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयदेव विश्वास के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पाकिस्तान ने इंसानियत ...

प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जनता अपनी पसंद के नुमाइंदे चुन सके, यह भी आतंकवाद के चलते चुनौती बन गया था। बरसों तक आतंक सहने के बाद जम्मू-कश्मीर ने इतनी बबार्दी देखी थी कि लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था। आतंकवाद को ही भाग्य मान लिया था। हमने इसे बदलकर दिखाया है। आज यहां का नौजवान नये सपने भी देख रहा है। लोग जम्मू-कश्मीर को फिर से फिल्मों, खेलों का हब बनते देखना चाहते हैं। हमने इसे माता खीर भवानी के मेले में भी देखा।

**आतंकी हमले से डिगने वाला नहीं:** प्रधानमंत्री ने कहा कि 3 तारीख से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। ईद का भी माहौल है। ये सब आतंकी हमले से डिगने वाला नहीं है। उन्होंनै कहा कि पाकिस्तान की साजिश की खिलाफ जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर के लोग उठ खड़े हुए हैं, जम्मू-कश्मीर के अवाम ने जो ताकत दिखायी है, दुनिया को जम्मू-कश्मीर के लोगों ने कड़ा संदेश दिया है। यहां के लोग आतंकवाद को कड़ा जवाब देने का मन बना चुके हैं।

**चिनाब आर्च ब्रिज की खायिसत:** चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती योजना के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गये। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपये है।

**देश के पहले केबल स्टे अंजी ब्रिज का भी उद्घाटन:** प्रधानमंत्री ने मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल पर टिका हुआ है।

**कश्मीर को जोड़ने वाली पहली ट्रेन भी शुरू:** मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंदी दिखायी। उत्तर रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आइआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। उत्तर रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपए और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपए है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा। 10 घंटे का सफर करीब 3 घंटे में पूरा होगा।


पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर दुबे।

### राजेंद्र पाल गौतम को राजू राम ने बधाई दी



रांची (आजाद सिपाही)। राजेंद्र पाल गौतम को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन बनाये जाने पर झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश कार्यालय प्रभारी राजू राम ने बधाई और शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त राजेंद्र पाल गौतम को चेयरमैन बनाये जाने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और वेणुगोपाल ने संगठन सृजन वर्ष को देखते हुए सही समय में सही निर्णय लिया गया। राजेंद्र पाल गौतम को बधाई देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष, जवाहरलाल महथा, निरंजन पासवान, सूरज कुमार पासवान, प्रकाश राम, संजय कुमार राम, बसंत कुमार पासवान, राजकुमार राम, शिव कुमार पासवान, मनोहर कुमार, अंकित कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### नि:शुल्क लीगल ऐड कैंप का छठा दिन



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा नि:शुल्क लीगल ऐड कैंप के छठे दिवस का आयोजन जगन्नाथपुर, धुर्वा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा जरूरतमंदों को उनके समस्याओं के अनुरूप नि:शुल्क सलाह व सहायता दी गयी। घरेलू हिंसा, मारपीट आदि के मामले सामने आये हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अंबेश चौबे, संजुक्ता बनर्जी, आंचल, आर्यन, सचिन आनंद, दीपक, जैस्मिन, सत्या, सचिन, कौशिक,पम्मी, सागर, अमर व अमन आदि ने अपना भरपूर योगदान दिया।

## सीएम हेमंत सोरेन से जैक अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को जैक के द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर परीक्षा-2025 के परिणाम से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

## आदिवासी समाज ठगा महसूस कर रहा है : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को सिरमटोली फ्लाइओवर का उद्घाटन किया। इस पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, ' मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल गुपचुप तरीके से सिरमटोली फ्लाइओवर का लोकार्पण किया, जिससे आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। यह लोकार्पण पर्यावरण दिवस के दिन किया गया, लेकिन विडंबना यह रही कि प्रकृति और पर्यावरण के उपासक आदिवासी समाज की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। सिरमटोली फ्लाइओवर रांची के यातायात को जरूर सुगम बनायेगा, लेकिन इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से ही पास स्थित पवित्र सरना स्थल के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था। आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी कर, बिना कोई वैकल्पिक समाधान निकाले इस फ्लाइओवर का उद्घाटन करना आदिवासियों के साथ धोखा है। विकास जरूरी है, लेकिन विकास की दौड़ में आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और परंपराओं का सम्मान भी उतना ही जरूरी है।

## बाबूलाल आदिवासी समाज की भावनाओं से खिलवाड़ न करें : विनोद कुमार पांडेय

### बाबूलाल मरांडी को झामुमो की खरी-खरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा सिरमटोली फ्लाइओवर को लेकर दिये गये बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आपत्ति जतायी। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि श्री मरांडी का बयान न केवल तथ्यहीन है, बल्कि आदिवासी समाज को गुमराह करने का एक साजिश भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 5 जून को सिरमटोली फ्लाइओवर का लोकार्पण पूरी पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ हुआ। यह कोई गुपचुप कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इस अवसर पर लगभग 10,000 लोग उपस्थित थे, जिनमें राजधानी रांची के नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आदिवासी समाज के लोग और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल थे। पांडेय ने कहा कि भाजपा को आदिवासी अस्मिता की चिंता अब क्यों सताने लगी है, जब उन्होंने अपने शासनकाल में लगातार आदिवासियों की जमीन, जल और जंगल की अनदेखी की। फ्लाइओवर निर्माण के दौरान सरना स्थल की पवित्रता को लेकर समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए निर्माण में जनभावना के अनुरूप बदलाव किये गये और स्थानीय लोगों से संवाद कर वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर सहमति ली गयी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि झामुमो सरकार विकास और संवेदनशीलता के संतुलन में विश्वास रखती है। सिरमटोली फ्लाइओवर सिर्फ एक ढांचागत परियोजना नहीं, बल्कि राजधानी के हजारों लोगों को रोजाना ट्रैफिक जाम से राहत देने वाली जोरदार पहल है, जिसमें आदिवासी, गैर-आदिवासी सभी समान रूप से लाभान्वित होंगे। ये इंजीनियरिंग का बेमिसाल उदाहरण है।

महासचिव पांडेय ने कहा कि भाजपा नेताओं को जनता को गुमराह करने की बजाय सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए और समाज के वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। जनहित से जुड़ी ऐसी परियोजना के खिलाफ जा कर भाजपा की छवि विकास विरोधी साबित हुई है। भाजपा की इसकी चिंता करनी चाहिए। हेमंत सरकार को लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुत मिला है, जनता का आशीर्वाद हेमंत सोरेन के साथ है और रहेगा।

### बाबूलाल का वीडियो ज्ञान तथ्यहीन आरोपों का पुलिंदा है



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा झूठ और भ्रम का जो वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है, वह झारखंड की जनता को गुमराह करने की एक और असफल कोशिश है। बाबूलाल मरांडी जिन सड़कों की दुर्दशा का हवाला देकर 'गिनीज बुक रिकॉर्ड' की बातें कर रहे हैं, वह दरअसल उनकी पार्टी के शासनकाल की ही देन है। वर्षों तक सत्ता में रहकर भाजपा ने झारखंड को बदहाल सड़कें, अधूरे पुल और खस्ताहाल गांव ही दिये। अब जब राज्य में हेमंत सरकार बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने का काम कर रही है, तो भाजपा को परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन स्वयं पथ निर्माण विभाग देख रहे हैं, क्योंकि वे इस क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहते हैं। और यही बात भाजपा को सबसे ज्यादा खटक रही है। ठेकेदारी और टेंडर में जो घोटाले पहले नियम बन चुके थे, उन पर अंकुश लगाना अब भाजपा को भ्रष्टाचार लग रहा है। हकीकत ये है कि भाजपा को तकलीफ उनके करीबी ठेकेदारों पर शिकंजा कसने से हो रही है।

## इंसानियत का खास त्योहार बकरीद आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बकरीद, जिसे ईद-उल-अजहा या कुबार्नी की ईद के नाम से भी जाना जाता है यह शनिवार 7 जून को मनायी जायेगी। इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र त्योहारों में यह त्योहार गिना जाता है। यह त्योहार केवल धार्मिक रस्मों का पालन नहीं, बल्कि त्याग, सच्चाई और इंसानियत के गहरे संदेश का प्रतीक है। चूंकि इस्लामी कैलेंडर चंद्रमा की स्थिति पर आधारित होता है, इसलिए बकरीद की तारीख हर साल बदलती रहती है। इस बार सऊदी अरब में 27 मई को जिल-हिज्जा का चांद दिखा, जिसके अनुसार वहां 6 जून को बकरीद मनायी जा रही है। भारत में यह पर्व 7 जून, शनिवार को मनाया जायेगा। यह दिन हज यात्रा के समापन और इस्लामी महीने जिल-हिज्जा की 10वीं तारीख के साथ जुड़ा होता है।

### इंसानियत का पैगाम

बकरीद का मूल संदेश केवल कुर्बानी तक सीमित नहीं है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि दूसरों की भलाई के लिए अपने स्वार्थ का त्याग करना और कठिनाइयों में भी सत्य और मानवता के मार्ग पर चलना ही असली धर्म है। बकरीद इंसानियत और निस्वार्थता का उत्सव है–एक ऐसा मौका जब हम न सिर्फ अपने भीतर के विश्वास को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज के जरूरतमंदों की मदद करके इस विश्वास को व्यवहार में भी लाते हैं।

## रांची रेल मंडल ने अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर रांची रेल मंडल के दो अत्यधिक व्यस्त समपार फाटकों–हटिया और बालसिरिंग रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित एचबी 01, और रांची और पिस्का रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित एमएच 33–पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों एवं सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार फाटकों पर आवश्यक सावधानियां बरतने और उन्हें सुरक्षित पार करने संबंधी नियमों की जानकारी दी गयी। रेलवे बोर्ड एवं जोनल मुख्यालय, दक्षिण पूर्व रेलवे के निदेर्शानुसार यह अभियान रांची मंडल के वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी, संरक्षा सलाहकार और नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवकों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया। मानवयुक्त समपार फाटकों पर सड़क उपयोगकर्ताओं और वाहन चालकों को मौखिक रूप से आवश्यक जानकारियां दी गयी एवं इस विषय से संबंधित पैंफ्लट भी वितरित किये गये।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार द्वारा पहाड़ी मंदिर में हो रहे निर्माण कार्य की समीक्षा एवं श्रावण माह के सफल संचालन हेतु बैठक की गयी। बैठक में कई निर्णय लिये गये। इनमें सीढ़ी का निर्माण कार्य सावन माह से पूर्व करने हेतु निर्देश दिया गया। सावन माह में प्रातः 3.30 बजे सरकारी पूजा के बाद मंदिर का द्वार खोलने का निर्णय लिया गया। वहीं अरघा सिस्टम से जलार्पण करने हेतु निर्णय लिया गया। भक्तों की सुविधा हेतु 2000 लोटा खरीदने, बैरिकेडिंग, खोया पाया सूचना हेतु लाउडस्पीकर आदि पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## प्रदेश राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस का मुकेश ठाकुर ने कार्यभार संभाला



**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के समर्पित कार्यकर्ता मुकेश ठाकुर ने झारखंड प्रदेश राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस का कार्यभार संभाल लिया है। पिछले 20 वर्षों से शरद पवार साहब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी के लिए कार्य करने वाले मुकेश ठाकुर को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मुकेश ठाकुर ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, शरद पवार साहब के नेतृत्व में पिछले दो दशकों से मैंने पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम किया है। अब झारखंड प्रदेश राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के माध्यम से युवाओं को जोड़कर पार्टी को और मजबूत करने का प्रयास करूंगा। हमारा लक्ष्य झारखंड में युवा शक्ति को संगठित कर सामाजिक और राजनीतिक बदलाव लाना है।

## अर्जी लगा दो, सब कुछ बता दो, कहना ना पड़ता दोबारा...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को निर्जला एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह के प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती 8:30 बजे में भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। बाबा श्याम के चार मेलों में निर्जला एकादशी का भी एक बड़ा मेला लगता है। 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिये गये। दोपहर के विश्राम के बाद मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। गौरीशंकर मीना अभिषेक सूची अक्षत पायल आशीष अनिरुद्ध एवं परिवार के सदस्यों के साथ खाटूनरेश के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित की। सरावगी परिवार ने अखंड ज्योति में फल, पेड़ा, मेवा, रबड़ी एवं मगहीपान अर्पित कर बाबा के आगे अपनी अर्जी लगायी।

मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, अनुज मोदी, सलज अग्रवाल सोनू ने प्रथम सभी देवी देवताओं की वंदना भजन करके कार्यक्रम की शुरूआत की। अशोक शर्मा, साकेत ढांढनिया, दीपक पोद्दार, वेद भूषण जैन, किशन शर्मा दिनेश अग्रवाल, रोशन खेमका, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान, सर्वेश अग्रवाल, प्रकाश सरावगी आदि सभी ने बाबा के दरबार में भजनों की हाजिरी लगाकर अपने आराध्य को मनाया। रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी, फल प्रसाद सेवा एक श्याम भक्त एवं सच्चिदानंदलाल कुमुद अग्रवाल, गिरीगोला सेवा एक श्याम भक्त एवं मुकेश मित्तल, मगही पान सुभाष रौनक पोद्दार एवं मुकेश बरनवाल, पंचमेवा भोग सेवा प्रकाश पूजा दलानिया, केसरिया पेड़ा सेवा प्रकाश पूजा प्रार्थी, प्रिशा दलानिया, विशेष श्रृंगार सेवा गौरीशंकर, मीना सरावगी, नवीन बागा सेवा एक श्याम भक्त द्वारा निवेदित की गयी थी। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, उपाध्यक्ष प्रदीप राजगढ़िया, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, रतन शर्मा, राजेश कतारुका, वेदभूषण जैन आदि सैकड़ों भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगायी। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 3024 दिनांक 06.06.2025 के अनुसार, मैं रंजनी कुमारी पति कुंदन कुमार ठाकुर उम्र करीब 30 वर्ष, ग्राम- रोहिनिया, पोस्ट - झगराखाड़ थाना- भवनाथपुर जिला गढ़वा राज्य झारखण्ड भारतीय की हूँ तथा शपथ पूर्वक निम्नांकित बयान करती हूँ।
1. यह कि मेरी पुत्री प्रतिभा रानी है।
2. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में नाम प्रतिभा रानी है जो कि सही एवं सत्य है। 3. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम प्रतिमा कुमारी अंकित हो गया हे जो कि गलत एवं असत्य है।
4. यह कि मैं अपनी पुत्री प्रतिभा रानी का आधार कार्ड में नाम परिवर्तन कराने हेतु शपथ पत्र का निष्पादन कर रही हूँ।
उपरोक्त शपथ पत्र मे लिखी गई सारी बाते मेरे कहने पर लिखी गई है जो सही और सत्य है जिसे सही और सत्य पाकर अपना हस्ताक्षर / बाये हाथ के अंगुठा का निशान बना दिया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए डीआरएम/ईएनजीजी/सीकेपी खुली निविदा के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित करता है: **क्रम सं.; कार्य का नाम; निविदा सूचना संख्या; निविदा मूल्य; बयाना राशि; खुलने की तिथि:** (1); सीकेपी-सेंट्रल-25-26-06; एडीईएन/बीएनडीएम के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर स्टाफ क्वार्टरों के लिए शौचालयों, रसोई, फर्श और सीवर ड्रेन का नवीनीकरण। ₹ 4,24,64,115.51; ₹ 3,62,300.00; 24.06.2025 (2); सीकेपी-सेंट्रल-25-26-07; टुनिया, गोइलकेरा, मनोहरपुर, जराइकेला, भालुलता में स्टाफ क्वार्टरों और कॉलोनी सड़कों के दृष्टिकोण का नवीनीकरण; ₹ 4,24,64,119.44; ₹ 3,62,300.00; 24.06.2025; (3) सीकेपी-सेंट्रल- 25-26-08; किमी 317/2-4 पर एलसी नंबर 173 पर एलएचएस की जलभराव से बचने के लिए एप्रोच/आसन्न सड़क, सम्प वेल और ड्रेन पर कवर शेड का प्रावधान; ₹ 2,21,90,938.21; ₹ 2,61,000.00; 30.06.2025; **निविदा दस्तावेज का मूल्य:** ₹ 0.00 (क्रमांक 1 से 3 के लिए)। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदा को वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग में भाग लेते समय सभी प्रासंगिक पेपर अपलोड किए जाने चाहिए। **नोट: ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदाकर्ताओं को नि:शुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-आई/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)।**
(PR-233)

# बदलेगी सियासत

जाति जनगणना की तारीखों का एलान कर सरकार ने यह संदेह दूर कर दिया कि वह इस मुद्दे को लटकाए रखना चाहती है। तय शेड्यूल के अनुसार, 1 मार्च 2027 की आधी रात को जनगणना खत्म होगी। अब अगला सवाल है कि इसके आंकड़े कितनी जल्दी सार्वजनिक होते हैं। वजह यह है कि लोकसभा परिसीमन और महिला आरक्षण का मामला भी इसी से जुड़ा हुआ है।

**राजनीतिक दबाव :** सरकार ने 2011 की सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना में भी जाति के आंकड़े जुटाने की कोशिश की थी, लेकिन तब उसमें इतनी विसंगतियां पायी गयीं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं, पिछले डेढ़ दशक में सामाजिक और राजनीतिक रूप से जातिगत जनगणना का दबाव बढ़ा है। हाल में बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों ने इस दिशा में अपनी तरफ से कोशिश भी की, जो विवादों में घिर गई। केंद्र सरकार को इस तरह के विवादों और पिछली गलतियों से बचना होगा।

**परिसीमन पर डर :** आजाद भारत में जातियों पर राजनीति हुई, लेकिन उनका हिसाब नहीं रखा गया। ऐसे में यह जातिगत जनगणना पूरे परिदृश्य को बदल कर रख देगी। इसका पहला असर होगा लोकसभा सीटों की संख्या पर, जिस पर कोई फैसला 5 दशकों से टलता आ रहा है। देश की बढ़ती आबादी को अब संसद में अपने ज्यादा प्रतिनिधि चाहिए, लेकिन उत्तर और दक्षिण के बीच जनसंख्या का अंतर बड़ी रुकावट है। दक्षिण के राज्यों ने अपनी आबादी पर उत्तर की तुलना में नियंत्रण किया हुआ है। उन्हें डर है कि परिसीमन से उनके यहां सीटें कम हो सकती हैं।

**जाति जनगणना से नये भारत के सामाजिक-आर्थिक समीकरणों को समझने में मदद मिलेगी, साथ में कुछ चुनौतियां भी होंगी। जनगणना के आंकड़े 2029 के पहले जारी हो पाते हैं या नहीं, यह सवाल अपनी जगह है, लेकिन इतना तय है कि इसका असर अगले लोकसभा चुनाव पर जरूर पड़ेगा।**

**लोकसभा सीटों पर फैसला :** 1976 में इंदिरा गांधी और 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारों ने परिसीमन कराया था, लेकिन सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई। इंदिरा सरकार ने 25 साल के लिए सीटें बढ़ाने पर रोक लगा दी थी। वाजपेयी सरकार ने भी इसे बरकरार रखा। 2026 में यह मियाद खत्म हो रही है यानी अब जो जनगणना होने जा रही है, उसी के आधार पर सरकार को परिसीमन से जुड़ा अहम फैसला लेना होगा।

**आरक्षण में बदलाव :** जाति जनगणना के साथ जुड़ा एक और अहम सवाल आरक्षण का है। नये आंकड़ों के आधार पर आरक्षण में बदलाव की मांग उठेगी, लेकिन किसी भी तरह के बदलाव के रास्ते में जटिल राजनीतिक और कानूनी पेचीदगियां हैं। इन्हें सुलझाए बिना सरकार के लिए आगे बढ़ना मुश्किल होगा।

**चुनाव पर असर:** जाति जनगणना से नये भारत के सामाजिक-आर्थिक समीकरणों को समझने में मदद मिलेगी, साथ में कुछ चुनौतियां भी होंगी। जनगणना के आंकड़े 2029 के पहले जारी हो पाते हैं या नहीं, यह सवाल अपनी जगह है, लेकिन इतना तय है कि इसका असर अगले लोकसभा चुनाव पर जरूर पड़ेगा।


अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत की कहानी के हाशिये पर रहने से लेकर, पूर्वोत्तर तेजी से देश के विकास इंजनों में से एक बन रहा है। पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार ने इस एक बार उपेक्षित क्षेत्र को कनेक्टिविटी, उद्यमिता और रणनीतिक प्रासंगिकता के केंद्र में बदल दिया है। एनइएसआइडीएस पीएम-डिवाइन और विशेष विकास पैकेज जैसी प्रमुख पहलों के साथ-साथएनइडीएफआइ, एनइएचएचडीसी और एनइआरएएमएसी जैसे संस्थानों के पुनरोद्धार ने अभूतपूर्व पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक विकास को उत्प्रेरित किया है।**

# पूर्वोत्तर: भारत के समावेशी विकास का प्रतीक

**पीआइबी रिसर्च यूनिट**

**भारत को दुनिया का सबसे विविधतापूर्ण राष्ट्र माना जाता है, और हमारा पूर्वोत्तर इस विविधतापूर्ण राष्ट्र का सबसे विविध हिस्सा है। व्यापार से लेकर परंपरा तक, वस्त्र से लेकर पर्यटन तक, पूर्वोत्तर की विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है।- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



कभी सुदूर सीमा के रूप में देखा जाने वाला पूर्वोत्तर भारत अब प्रगति, शांति और क्षमता का प्रतीक है। प्रधान मंत्री ने हाल ही में उत्तर पूर्व को- अष्ट लक्ष्मी कहा, इस क्षेत्र के लिए आठ गुना वृद्धि पर प्रकाश डाला। पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार ने समावेशी विकास के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का अनुसरण किया है, जिसमें ऐतिहासिक रूप से नजरअंदाज किए गए क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इनमें से, उत्तर पूर्वी क्षेत्र ने अभूतपूर्व विकास और राष्ट्रीय मुख्यधारा में एकीकरण देखा है। प्रधान मंत्री के मंत्र एक्ट ईस्ट और परिवहन द्वारा परिवर्तन से निर्देशित, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडोनर) परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण चालक के रूप में उभरा है। पिछले 11 वर्षों में, निरंतर नीतिगत ध्यान, बुनियादी ढांचा निवेश और रणनीतिक योजना ने भारत के उत्तर पूर्व के विकासात्मक परिदृश्य को नया रूप दिया है।

**बजटीय संसाधनों का उपयोग:** क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार करने के उद्देश्य से मंत्रालय द्वारा बिजली, जलापूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। बजटीय संसाधनों के आवंटन और प्रभावी उपयोग ने न केवल बुनियादी ढांचे और बुनियादी सेवाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, बल्कि शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी ने लंबे समय से चली आ रही विकास संबंधी कमियों को दूर किया है। इन विकासात्मक कदमों ने सरकार की सुरक्षा पहलों को पूरक बनाया है, जिससे एक ऐसा चक्र बना है, जहां विकास स्थिरता को बढ़ावा देता है। शांति आगे की प्रगति को सक्षम बनाती है।

**पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण निवेश किया गया है।**

**शांति और सुरक्षा पहल :** पूर्वोत्तर क्षेत्र को दशकों से गंभीर आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। सरकार द्वारा उठाये गए प्रभावी कदमों के कारण पूर्वोत्तर में सुरक्षा स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 2014 से चरमपंथी घटनाओं और उसके परिणामस्वरूप सुरक्षाकर्मियों और नागरिकों की मौतों में भारी कमी आयी है। शांति समझौतों पर हस्ताक्षर करने से क्षेत्र में शांति आई है और हिंसा में कमी आयी है।

**अवसंरचना :** पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनइएसआइडीएस): इसे 2017-18 में एक नयी केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में अनुमोदित किया गया था और व्यय वित्त समिति (इएफसी) की सिफारिश और सरकार की मंजूरी के अनुसार सड़क क्षेत्र के संबंध में क्षेत्रीय ओवरलैप को रोकने के लिए 2022-23 में दो घटकों अर्थात एनइएसआइडीएस (सड़क) और एनइएसआइडीएस (सड़क अवसंरचना के अलावा अन्य) में पुनर्गठित किया गया था। इस योजना को 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

**पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) :** पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) की घोषणा केंद्रीय बजट 2022-23 में एक नयी केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में की गई थी, जिसमें 2022 से 2025 तक की 4 साल की अवधि के लिए 6,600 करोड़ रुपये का परिव्यय है। पीएम-डिवाइन का उद्देश्य एमडीओएनइआर के समग्र दृष्टिकोण को दशार्ता है, यानी ₹विकास के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र को त्वरित और टिकाऊ तरीके से बदलना, अपने सभी नागरिकों को जीवनयापन में आसानी प्रदान करना। इस प्रकार, पीएम-डिवाइन के व्यापक उद्देश्य हैं- **1.** पीएम गतिशक्ति की तरह बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं

**2.** क्षेत्र की आवश्यक जरूरतों के आधार पर सामाजिक विकास परियोजनाएं

**3.** क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका गतिविधियों को बढ़ाना

**4.** विभिन्न क्षेत्रों में विकास संबंधी अंतराल को भरना

सरकार ने हमेशा समावेशी विकास को प्राथमिकता दी है और सरकार की पूर्वोत्तर नीति इस क्षेत्र को मुख्यधारा में लाने के लिए उसके प्रयास को दर्शाती है। अपनी पूर्वोत्तर नीति के माध्यम से, इसने आर्थिक विकास, आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान केंद्रित किया है। भौतिक संपर्क की कमी और खराब बुनियादी ढांचे ने कई दशकों तक क्षेत्र को अलग-थलग कर दिया था। लंबे समय से लंबित असंख्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरी की गयीं।

**जल विद्युत परियोजनाओं का विकास:** जल विद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र की राज्य सरकारों द्वारा इक्विटी भागीदारी के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता को अगस्त 2024 में मंजूरी दी गयी थी। इस योजना का परिव्यय 4136 करोड़ रुपये है और इसे वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2031-32 तक लागू किया जाएगा। योजना के तहत लगभग 15000 मेगावाट की संचयी जलविद्युत क्षमता का समर्थन किया जाएगा। इस योजना को विद्युत मंत्रालय के कुल परिव्यय से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 10% सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा।

**बोगीबील ब्रिज:** परियोजनाओं की लंबी सूची में बोगीबील ब्रिज जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाएं शामिल हैं, जिसका उद्घाटन पीएम मोदी ने 2018 में किया था, पीएम अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा इसकी घोषणा के सोलह साल बाद, रेलवे नेटवर्क का विस्तार, आजादी के बाद पहली बार मिजोरम में यात्री ट्रेन का ट्रायल रन किया गया।

**हवाई अड्डे:** पिछले 11 वर्षों में 10 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे बनाये गये हैं। बेहतर कनेक्टिविटी का असर इस क्षेत्र में पर्यटकों की बढ़ती संख्या में देखा जा सकता है।

**रो-रो सेवा:** धुबरी और हथसिंगीमारी, नेमातिया और कमलाबाड़ी तथा गुवाहाटी और उत्तरी गुवाहाटी के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर रो-रो सेवा शुरू की गयी।

रोल-ऑन और रोल-ऑफ (रो-रो) जलमार्ग परियोजनाओं में रो-रो जहाज/जहाज शामिल हैं, जिन्हें पहिएदार माल जैसे कार, ट्रक, सेमी-ट्रेलर ट्रक, ट्रेलर और रेलरोड कारों को ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिन्हें उनके पहियों पर या प्लेटफॉर्म वाहन का उपयोग करके जहाज पर चढ़ाया और उतारा जाता है। इसमें संबंधित पोर्ट टर्मिनल और एप्रोच कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जेटी भी शामिल हैं।

**विकास को गति देना: बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं (इएपी) :** डीओएनइआर ने 2017 से अगस्त, 2023 तक 1,35,487.85 करोड़ रुपये की 126 बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं को समर्थन दिया है और आर्थिक मामलों के विभाग ने इस अवधि के दौरान बाह्य वित्तपोषण के लिए 1,26,645.82 करोड़ रुपये की 124 परियोजनाओं की सिफारिश की है। इससे क्षेत्र में सामाजिक और बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार करने में मदद मिली है।

**आर्थिक विकास :** पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण निवेश किया गया है। पिछले 10 वर्षों के दौरान कई परियोजनाएं पूरी की गयी हैं।

भारत की कहानी के हाशिये पर रहने से लेकर, पूर्वोत्तर तेजी से देश के विकास इंजनों में से एक बन रहा है। पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार ने इस एक बार उपेक्षित क्षेत्र को कनेक्टिविटी, उद्यमिता और रणनीतिक प्रासंगिकता के केंद्र में बदल दिया है। एनइएसआइडीएस पीएम-डिवाइन और विशेष विकास पैकेज जैसी प्रमुख पहलों के साथ-साथएनइडीएफआइ, एनइएचएचडीसी और एनइआरएएमएसी जैसे संस्थानों के पुनरोद्धार ने अभूतपूर्व पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक विकास को उत्प्रेरित किया है। रिकॉर्ड बजट आवंटन, नीति नवाचार और निजी क्षेत्र की बढ़ती दिलचस्पी के साथ, पूर्वोत्तर न केवल आगे बढ़ रहा है, बल्कि समावेशी और संतुलित क्षेत्रीय विकास की दिशा में भारत की यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## कोल्हान की खबरें

### जनसमस्याओं को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

# व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो सड़कों पर उतरेगी भाजपा : सुधांशु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के एक प्रतिनिधिमंडल महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर डीसी से मुलाकात की। शुक्रवार को मुलाकात के दौरान ज्ञापन सौंपकर विस्तृत जानकारी देते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। मौके पर सुधांशु ओझा ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को बिंदुवार रूप से रखा। उन्होंने बताया जमशेदपुर के अधिकतर थाना क्षेत्रों में ब्राउन शुगर, गांजा, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का धड़ल्ले से कारोबार हो रहा है। जिससे युवा असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हो रहे हैं। उन्होंने इस अवैध कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की।साथ ही भाजपा नेताओं ने पुलिसिया कार्यशैली, बिना परमिट बसों की आवाजाही, मानगो गोलचक्कर पर ट्रैफिक अव्यवस्था, नालों और सड़कों की सफाई, झूलते बिजली तारों, जर्जर खंभों, खराब स्ट्रीट लाइट, अधूरी जलापूर्ति योजनाएं, पेंशन और राशन वितरण में गड़बड़ी, और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।उन्होंने ज्ञापन में मांग से मानसून के पूर्व मानगो, जुगसलाई, बागबेड़ा, गोविंदपुर सहित अन्य क्षेत्रों में नालों की सफाई सुनिश्चित करने की मांग की।ताकि मौसमी बीमारियों से बचा जा सके। साथ ही झूलते तारों और लकड़ी के खंभों को हटा कर सुरक्षित विद्युत आपूर्ति बहाल करने की जरूरत बतायीं। वहीं बागबेड़ा और घोड़ाबांधा जलापूर्ति योजनाएं, जुगसलाई सफीगंज में पेयजल संकट और मानगो-मोहरदा की तकनीकी समस्याएं दूर करने पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल ने वृद्ध, विधवा और विकलांग पेंशन की रुकी हुई किस्तों को अविलंब खातों में हस्तांतरित करने और राशन डीलरों की मनमानी पर भी अंकुश लगाने की मांग की। ज्ञापन में टाटा समूह की कंपनियों के बाहर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग और परसुडीह फाटक के पास ओवरब्रिज निर्माण की मांग भी शामिल रही। साथ ही ऑनलाइन दाखिल-खारिज और जमीन रजिस्ट्रेशन में भ्रष्टाचार तथा तहसील कार्यालय में कर्मियों की अनुपस्थिति का भी मुद्दा प्रमुखता से उठाया। भाजपा अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने स्पष्ट किया अगर प्रशासन समयबद्ध तरीके से समस्याओं का समाधान नहीं की तो जनता के साथ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर डॉ जटाशंकर पांडेय, बबुआ सिंह, संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, रेणु शर्मा, अनिल मोदी, सुबोध झा, प्रेम झा, नीतीश कुशवाहा, युवराज सिंह, बजरंगी पांडेय, संजय तिवारी, अखिल सिंह, विकास शर्मा, सागर राय, मंजीत सिंह शामिल रहे।

# विवाह का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप, शिकायत दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** शहर के जमशेदपुर स्थित बारीडीह क्षेत्र की रहने वाली युवती विवाह का झांसा देकर शारीरिक शोषण का एक मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार को सामाजिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल पिंकी सिंह के नेतृत्व में एसएसपी कार्यालय पहुच कर न्याय गुहार लगायी। मौके पर उन्होंने महिला के साथ हुई शारीरिक व भावनात्मक शोषण की न्यायिक जांच और कार्रवाई के लिए मांग की। पीड़िता का आरोप है बागुननगर निवासी अंश प्रसाद ने उनसे विवाह का वादा कर शारीरिक संबंध बनाये, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया। जब युवती ने इस विषय में अंश प्रसाद की मां सुषमा देवी से बात की तो उन्होंने अपने बेटे का पक्ष लेते हुए पीड़िता को उसे छोड़ देने और ब्लॉक कर देने की बात कही।युवती ने बताया इससे पूर्व सिदगोड़ा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी थी, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने एसएसपी से उचित कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने कहा यह सिर्फ भावनात्मक धोखा नहीं, बल्कि महिलाओं की गरिमा और आत्मसम्मान पर चोट है। अंश प्रसाद और उनकी मां ने मिलकर उन्हें छल किया और खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़िता ने प्रशासन से गुहार लगायी कि आरोपी के खिलाफ विवाह का झांसा देकर शारीरिक शोषण और मानसिक उत्पीड़न के आरोप में कानूनी कार्रवाई की जाये, ताकि भविष्य में कोई और युवती इस प्रकार की ठगी और धोखे का शिकार न हो। इस मौके पर मुखिया सोनका संगीता कुमारी, सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार सामंत, पुनीत कुमार सिंह, छोटे सरदार सहित अन्य शामिल रहे।

# डीसी नितिश ने साप्ताहिक जनता दरबार में सुनी जनता की फरियाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** समाहरणालय में डीसी नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण समस्याओं को लेकर हाजिर हुए।सभी ने बारी बारी से अपनी समस्याएं रखीं।डीसी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित व नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।जनता दरबार में भूमि विवाद, पेंशन लाभ, यशपुर में ग्राम प्रधान की नियुक्ति तथा योजनाओं की मासिक समीक्षा जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए।



## डीसी ने इचागढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

**ईचागढ़। डीसी नीतीश कुमार सिंह ने ईचागढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान उनके साथ ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, डीडीसी आशीष अग्रवाल,एडीसी जयवर्धन कुमार व एसडीओ विकास राय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा व पंचायत स्तरीय विकास योजनाओं की समीक्षा की। वहीं महिला समूहों और किसानों की आयवृद्धि हेतु ठोस कार्य योजना बना कर क्रियान्वयन का निर्देश दिये। उन्होंने कृषि और स्वरोजगार को बढ़ावा देने, बीज वितरण और युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया। राजस्व व भूमि विवादों के निपटारे हेतु पंचायतवार विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। साफ-सफाई, दवा वितरण व स्टॉक पंजी अद्यतन रखने के निर्देश दिये।**

### कांग्रेस की नुक्कड़ सभा में केंद्र सरकार पर तीखे प्रहार, कंपनियों को चेताया

# संविधान से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : आनंद बिहारी दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर गदड़ा मंडल कांग्रेस कमिटी के नेतृत्व में राहरगोडा चौक पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मंडलअध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार पुरी के नेतृत में सभा के दौरान मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे उपस्थित हुए। प्रखंड अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने जिलाध्यक्ष और प्रखंड पर्यवेक्षक अखिलेश सिंह यादव को अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। मौके पर आनंद बिहारी दुबे ने कहा भाजपा सरकार भारत के संविधान को तोड़ने और बदलने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा 400 पार का नारा सिर्फ संविधान को कमजोर करने के लिए दिया गया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी और आम जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी। उन्होंने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा संविधान में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिला है।उसमें कोई भी छेड़छाड़ समाज के हित में नहीं है।श्री दुबे ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा आज संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग निजी हित में किया जा रहा है। सरकारी संस्थानों का तेजी से निजीकरण हो रहा।जिससे देश की आर्थिक नींव कमजोर हो रही है। उन्होंने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की।उन्होंने टाटा मोटर्स, न्यूवोको, टाटा पावर और स्ट्रीप व्हील कंपनी को सीएसआर के तहत क्षेत्र में शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई, सड़क, पार्क, मैरिज हॉल और अन्य बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की चेतावनी दी। कहा यदि कंपनियों ने सामाजिक दायित्व नहीं निभाया तो उन्हें बड़े आंदोलन का सामना करना पड़ेगा। प्रखंड पर्यवेक्षक अखिलेश सिंह यादव ने कहा भाजपा सरकार की नीतियों के कारण बेरोजगारी चरम पर है। मंडल पर्यवेक्षक सुल्तान अहमद ने कहा महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। प्रदेश सचिव खगेनचंद्र महतो ने चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में भारी खर्च पर चिंता जताई। इस अवसर पर कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर सुनीता टोप्पो, रामदरस चौधरी, अरविंद साहू, राजा सिंह राजपूत, मुन्ना मिश्र, अमर मिश्र, निखिल कुमार, संजय तिवारी, लक्की शर्मा, सुरज मुंडा, नारायण डे, मौसमी दास, नरेश गौरा, कृष्णजी, संतोष पांडेय उपस्थित रहे।

## लक्ष्मण यादव धुरकी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि बने



धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के जनप्रतिनिधी कक्ष में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने शुक्रवार को लक्ष्मण यादव को क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव का विधायक प्रतिनिधी घोषित किया है। इस दौरान जनप्रतिनिधी कक्ष में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान ने विधायक प्रतिनिधी लक्ष्मण यादव को फुल का माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि धुरकी प्रखंड मे विधायक अनंत प्रताप देव ने लक्ष्मण यादव को विधायक प्रतिनिधी बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौपी है। उन्होंने कहा कि विधायक प्रतिनिधी लक्ष्मण यादव सरकारी गतिविधियों में बतौर विधायक प्रतिनिधी के तौर पर शामिल रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार की मिल रही शिकायतों पर अंकुश लगाया जायेगा। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान ने कहा कि प्रखंड कमिटी और विधायक प्रतिनिधी दोनो मिलकर क्षेत्र की समस्याओ का समाधान करेंगे और भ्रष्टाचार विचौलिया गिरी, प्रखंड से समाप्त करेंगे। इस दौरान झामुमो के प्रखंड सचिव कृष्ण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष शैलेश यादव, उपप्रमुख धर्मेंद्र यादव, कमलेश सिंह गोड़, अशोक यादव, नरेश यादव, कलाम अंसारी, रामजीवन यादव, विमल सिंह, दस्तगीर अंसारी, रामगती यादव, नरेश गोड़, निवास यादव गणेश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया बेबी देवी के प्रयास से भवनाथपुर सब्जी मार्केट में नाली की सफाई शुरू

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर मुख्य बाजार के पीछे स्थित सब्जी मार्केट में लंबे समय से गंदे नाली के पानी की वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों ने कई बार इस मुद्दे की शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। हाल ही में इस समस्या को लेकर अखबारों में विस्तृत खबर प्रकाशित की गई, जिसमें नाली की दुर्दशा और उससे उत्पन्न हो रही बदबू, गंदगी तथा बीमारियों के खतरे को उजागर किया गया। इस खबर के बाद स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों की नींद टूटी। मुखिया बेबी देवी ने इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए तत्परता दिखाई और तत्काल 15वें वित्त आयोग की निधि से नाली की सफाई एवं मरम्मत कार्य शुरू करवाया। अब उम्मीद है कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद सफाई बनी रहेगी और बाजार का वातावरण स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक होगा।

## मेराल थाना में विवाद निष्पादन शिविर का आयोजन

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना के सभागार में शुक्रवार को विवाद निष्पादन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से रखा जिसका निष्पादन सीओ जसवंत नायक, बीडीओ सतीश भगत, थाना प्रभारी विष्णु कांत द्वारा किया गया। हासनदाग गांव से भूमि विवाद का मामला आया जिसका निष्पादन सीओ जसवंत नायक द्वारा किया गया। वहीं गोंदा पंचायत के 35 अबुआ आवास का कार्य धीमा करने वाले लाभुकों को नोटिस देकर शिविर में बुलाया गया था। सभी से कार्य पूरा नहीं करने का कारण पूछा गया सभी ने बालू की समस्या तो कुछ लाभुकों ने भूमि विवाद, पानी की समस्या को बताया। लाभुकों के बातों को सुनने के बाद संबंधित पदाधिकारीयों ने निदान करने का आश्वासन दिया। बीडीओ श्री भगत ने लाभुकों से कहा कि बालू के लिए आप लोग मुखिया के पास आवेदन दे, तत्काल बालू और पानी की समस्या का हल किया जायेगा, उन्होंने कहा कि जो लाभुक आवास का पैसा लेकर आवास का कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं वैसे लाभुकों पर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को विवाद निष्पादन शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें छोटे-छोटे समस्याओं का निदान शिविर में ही किया जायेगा। इस अवसर पर एस आई अरविंद साहू, दिनेश मुंडा, नाजीर सुनील कुमार, आवास कोऑर्डिनेटर रशीद अंसारी, पंचायत सचिव परमानंद पाठक, सीआई जॉनसन गिद्दी, राजस्व कर्मचारी संजीव, मुखिया पति सुरेंद्र गोस्वामी, पंचायत सहायक अमित, कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल सहित अनेकों लोग शामिल थे।

### बकरीद को लेकर गढ़वा शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च

# सौहार्द्र के साथ मनायें पर्व, विधि व्यवस्था को लेकर मुस्तैद है प्रशासन : एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बकरीद पर्व के मद्देनजर गुरुवार शाम को सदर एसडीएम संजय कुमार और एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च में प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल, थाना प्रभारी सह निरीक्षक बृज कुमार, पुलिस नियंत्रण कक्ष प्रभारी संतोष कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल की सहभागिता रही। गढ़वा थाना परिसर से इस फ्लैग मार्च को शुरू किया गया, रंका मोड, मैन रोड, मझिआंव मोड, उंचरी मस्जिद, रेलवे क्रॉसिंग, बस स्टैंड आदि इलाकों से होते हुए वापस थाना परिसर में फ्लैग मार्च का समापन किया गया।

मौके पर एसडीएम संजय कुमार ने गढ़वा वासियों से अपील की कि सभी लोग सद्भाव के साथ बकरीद का पर्व मनाएंगे। शहर की शांति और विधि व्यवस्था को भंग करने की मंशा रखने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस नियंत्रण कक्ष भी विधिवत संचालित है, किसी भी अवांछित और अपरिहार्य स्थिति में कोई भी नागरिक 112 या पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर पर सूचना दे सकता है। एसडीपीओ नीरज कुमार ने कहा कि लोग पूरी शांति और प्रेम भाव से पर्व मनाएं, पुलिस प्रशासन सदैव कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आमजन से अपील की कि सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबरों को शेयर करने से बचें। एसडीएम ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारियों को भी पर्व के दिन अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहने का निर्देश दिया है। बकरीद पर विशेष रूप से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को भी ससमय अपने कर्तव्य स्थल पर पहुंचकर विधि व्यवस्था संधारण करने का निर्देश दिया गया।

# विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने किया चौधरी जेनलर एंड लकवा हॉस्पिटल का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता


**गढ़वा।** शुक्रवार को जिला मुख्यालय के रेहला रोड में स्थित सोनपुरवा में चौधरी जेनरल एंड लकवा हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्य रूप से अस्पताल के निदेशक डॉ. कुलदेव चौधरी मौजूद थे। मौके पर विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि डॉ. कुलदेव चौधरी गढ़वा सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में पूरी निष्ठाभाव के साथ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहे है। डॉ. कुलदेव ने कम समय में समाज में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। वह स्वास्थ्य सेवा के अलावा सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ हिस्सा लेते रहे है। विधायक ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर डॉ. कुलदेव चौधरी ने कहा कि अस्पताल में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। मरीजों को सही समय पर उचित ईलाज होने से किसी भी तरह की बीमारी का ईलाज कर आसानी से ठीक किया जा सकता है। वह पूरी निष्ठाभाव के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करते रहेंगे। मौके पर डॉ. जुली कुमारी, ओलिविया रानी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश चौधरी, बिदेशी चौधरी, श्रवण साहनी, ललन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने नव नियुक्त उपायुक्त से की मुलाकात



गढ़वा (आजाद सिपाही)। विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने हाल ही में नियुक्त गढ़वा उपायुक्त से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की जमीनी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने उपायुक्त की ऊर्जा और कार्यक्षमता की सराहना करते हुए कहा कि गढ़वा एक आकांक्षी जिला है और यहां आपके जैसे कर्मठ एवं योग्य आईएएस अधिकारी की आवश्यकता थी। विधायक ने कहा कि गढ़वा की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार है। कई पंचायतों में योजनाएं धरातल पर नहीं उतरीं, फिर भी 100% राशि की निकासी हो चुकी है। उन्होंने इस मामले की गहराई से जांच की मांग की। उन्होंने जल जीवन मिशन में हुए बड़े घोटाले का भी जिक्र किया और बताया कि इससे आम जनता को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस दिशा में तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की। विधायक ने गढ़वा3 नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पर भी गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी नियम-कानून को ताक पर रखकर खुद को एक पूर्व मंत्री का करीबी बताकर सरकारी जमीनों को औने-पौने दामों में अपने चहेतों को बेच रहे हैं। नगर परिषद द्वारा निर्मित दुकानों के आवंटन में बड़े पैमाने पर रिश्वत ली गयी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस अवैध कमाई से तत्कालीन उपायुक्त को भी रकम दी जाती थी। उन्होंने कहा कि वह इस भ्रष्ट कार्यपालक पदाधिकारी के विरुद्ध ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग और गृह मंत्रालय को लिखित शिकायत करेंगे, जिसमें आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की जायेगी।

## 12वीं आर्ट्स की परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी



सगमा (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा 12वीं आर्ट्स का रिजल्ट जारी किया गया। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बीरबल के कुल 136 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें 90% विद्यार्थी सफल रहे। आकृति कुमारी पिता- संजय साह, ग्राम- बीरबल ने 75 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी। सपना कुमारी पिता उदय चंद्र प्रसाद, ग्राम मकरी ने 73.2% अंक लाकर दूसरे स्थान और नूरी बानो विकास शमशेर अंसारी ग्राम बीरबल ने 72.8% अंक लाकर दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाध्यापक प्रत्यूष कुमार दुबे ने बताया कि ये परीक्षा परिणाम शिक्षकों और छात्रों की मेहनत का संयुक्त प्रतिफल है।

## कांडी की बेटियों ने लहराया सफलता का परचम, श्रुति चौबे बनीं प्रखंड टॉपर




कांडी (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा जारी किये गये इंटरमीडिएट कला संकाय के परिणाम में कांडी प्रखंड की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय कांडी की होनहार छात्रा श्रुति चौबे ने 413 अंक (82.6%) प्राप्त कर पूरे प्रखंड में टॉप किया है। श्रुति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और बड़ी बहन को दिया है। उसने बताया कि वह आगे चलकर सिविल सेवा में योगदान देना चाहती है। इसी विद्यालय की रुचि कुमारी ने 79.2% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अनिशा कुमारी ने 78% अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांडी की रितु कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं। वंदना कुमारी द्वितीय और डिंपल कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज कांडी की गुंजा कुमारी ने प्रथम, रिया कुमारी ने द्वितीय और विष्णु देव शाह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यदि हम पूरे प्रखंड के विद्यालयों के परिणाम की बात करें तो राजकीयकृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी का परिणाम 98.6% रहा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांडी ने शत-प्रतिशत रिजल्ट देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज कांडी का प्रदर्शन औसत रहा। वहीं राजकीयकृत शाहीदेव जमा देव उच्च विद्यालय खरौंधा का परिणाम 95% रहा। राजकीयकृत उच्च विद्यालय कांडी के प्राचार्य निरंजन कुमार और शिक्षक रामप्रसाद पाठक ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांडी की वार्डेन आर उषा कुमारी ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस सफलता ने न केवल विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया है, बल्कि क्षेत्र की बेटियों की लगन और मेहनत को भी नया आयाम दिया है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER Annexure1
MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

e-Procurement portal

Two Envelope system

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH/B.D./M.M.S.L.I - 03/2025-26

Date :-06/06/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of MukhyaMantriSolar Lift Irrigation Scheme Padariya, Block- Mandu, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated (BoQ)Cost (Rs.) | Rs. 1,24,03,199.78 |
| 3. | Cost of Tender Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 |
| 4. | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,24,032.00 |
| 5. | Time of Completion | 335 Days |
| 6. | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | 11.06.2025 At 02:00 PM |
| 8. | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | 01.07.2025 At 05:00 PM |
| 9. | Last Date/Time for Submission of Tender Fee and EMD | 01.07.2025 At 05:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | 03.07.2025 At 02:00 PM |
| 11. | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 12. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 13. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
(3) Work will be awarded to those bidders (specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ Aregistered manufacturers/Company/Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes). Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface Motor Pumps) in the department with all accessories for off-grid standalone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघुसिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 354464 Minor Irrigation(25-26)D

# मनुष्य के उत्तम स्वास्थ्य के लिए पेड़ पौधों का होना आवश्यक है : अर्जुन चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रमना।** प्रखंड के मड़वानिया ग्राम स्थित सुखड़ा शिव मंदिर के प्रांगण में शाम 5 बजे से एकल परिवार अंचल रमना के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा रोपण सह गंगा आरती का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर एकल परिवार के आचार्यों, शिष्यों एवं संच समिति के लोगों ने मिलकर सामूहिक रूप से अशोक का पौधा लगाया। मौके पर उपस्थि लोगों को संबोधित करते हुए समिति के अर्जुन चौधरी ने कहा कि धरती पर प्रतिदिन हजारों लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण असंतुलित हो रहा है, हम सबों का जिवन निर्बाध रूप से चलता रहे इसके लिए पेड़ पौधों का होना जरूरी होता है। इसीलिए प्रत्येक वर्ष हमें कुछ पौधा जरूर लगाना चाहिए। साथ ही समिति के त्यागी उमाकांत ने कहा कि प्रत्यक्ष रूप से बच्चों के द्वारा पौधा रोपण कर इन्हें अच्छे संस्कार दिए जा रहे है, एक वृक्ष सौ पुत्र के समान कल्याणकारी होता है। सर्दी, गर्मी, वर्षा सभी अपने नियमित समय में हो इसके लिए पेड़ पौधों, जंगलों का होना जरूरी होता है, हम शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके इसके लिए भी पेड़ो का होना जरूरी है।

# साइकिलिंग के खिलाड़ी ने बढ़ाया गढ़वा और झारखंड राज्य का मान

**गढ़वा के आमिर रियाज को साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने वर्ल्ड एक्सपोजर स्पोर्ट्स टूर पर भेजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा के साइकलिंग खिलाड़ी आमिर रियाज ने एक बार फिर भरी ऊंची उड़ान। जर्मनी और फ्रांस में लेंगे ट्रेनिंग और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में करेंगे प्रतिभागिता। 6 जून से 10 जुलाई तक साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की टीम अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग एवं अंतरराष्ट्रीय एक्स्पोजर टूर्नामेंट के लिए जर्मनी रवाना हुई। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से साइकलिंग टीम जर्मनी और फ्रांस के लिए आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना हुई। इस टीम में गढ़वा के स्टार स्प्रिंट राइडर साइकिलिंग खिलाड़ी आमिर रियाज भी शामिल हैं। जो लगभग एक माह से अधिक समय तक जर्मनी और फ्रांस में ट्रेनिंग और एक्स्पोजर टूर्नामेंट में भाग लेंगें। गढ़वा के आमिर को टीम में शामिल करने पर झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल सरदार मनिंदर पाल सिंह के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया है।

# नदियों के संरक्षण से होगा अपेक्षित विकास : डीसी

**गंगा दशहरा के पावन अवसर पर भव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के कल्याणपुर स्थित दानरो नदी छठ घाट पर गुरुवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर भव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन का उद्घाटन उपायुक्त दिनेश कुमार यादव, सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार, एसडीओ संजय पांडेय, मुखिया अशोक चंद्रवंशी एवं एकल विद्यालय के अध्यक्ष डॉ पातंजली केसरी सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि गंगा दशहरा का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व है। हमारे जीवन में नदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नदियों का संरक्षण एवं स्वच्छता केवल सरकार की नहीं, हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। अगर हम नदियों को स्वच्छ रखते हैं, तो न सिर्फ हमें स्वच्छ जल मिलेगा, बल्कि इसका सीधा सकारात्मक प्रभाव हमारे स्वास्थ्य, कृषि और पारिस्थितिकी तंत्र पर भी पड़ेगा।

सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। यह पर्व गंगा मैया के प्रति आस्था, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। गंगा जैसी पवित्र नदियों का संरक्षण भारत की सांस्कृतिक विरासत को बचाने जैसा है।

एसडीओ संजय पांडेय ने कहा कि नदियां हमारे जीवन का आधार हैं। जल का सदुपयोग एवं संरक्षण आज की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि नदियों को साफ-सुथरा बनाए रखने हेतु एक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

मुखिया अशोक चंद्रवंशी ने चिंता जताई कि वर्तमान समय में नदियों में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जिससे कृषि, जलीय जीवन और मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। एकल विद्यालय अभियान के अध्यक्ष डॉ पातंजली केसरी ने भावनात्मक रूप से कहा कि गंगा हमारी मां हैं। हमें इस पुण्य धरोहर की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नदी में प्लास्टिक, कचरा या जैविक अपशिष्ट नहीं डालना चाहिए, न ही मृत जीव-जंतु बहाना चाहिए। कार्यक्रम में एकल अभियान के सचिव अरुण मेहता, अब्दुल मन्नान, संतोष कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा पर कोयल नदी तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन



मझिआंव (आजाद सिपाही)। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मझिआंव प्रखंड अंतर्गत कोयल नदी के टंकी घाट तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मां गंगा की आराधना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं को जागृत करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करते हैं।

प्रेस विज्ञप्ति उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(स्थापना शाखा)

जिला, अनुमण्डल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की प्रथम एवं द्वितीय अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा, 2024 तथा प्रथम अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा, 2025 के आयोजन के संबंध में

उपर्युक्त विषयक राजस्व पर्षद, झारखण्ड, रांची के द्वारा जिला, अनुमण्डल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की प्रथम एवं द्वितीय अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा, 2024 तथा प्रथम अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा, 2025 का आयोजन दिनांक 05.07.2025 एवं 06.07.2025 को निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित की गई है।

परीक्षा कार्यक्रम

1. दिनांक 05.07.2025 (शनिवार) – प्रथम पत्र — 9 बजे पूर्वा0 से 12 बजे मध्याह्न तक।
2. दिनांक 05.07.2025 (शनिवार) – द्वितीय पत्र — 2 बजे अप0 से 5 बजे अपराहन तक।
3. दिनांक 06.07.2025 (रविवार) – तृतीय पत्र, — 9 बजे पूर्वा0 से 12 बजे मध्याह्न् तक।

चतुर्थ पत्र एवं पंचम पत्र

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग (वन प्रभाग), राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (निबंधन प्रभाग) तथा कार्य विभाग (जल संसाधन एवं पथ निर्माण विभाग) के लिपिक प्रथम एवं द्वितीय पत्र के अतिरिक्त क्रमशः तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम पत्र की परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा में शामिल होने हेतु Online आवेदन विज्ञापन की तिथि से दिनांक 21.06.2025 तक समर्पित किये जायेंगे, जिसकी प्रक्रिया निम्नवत होगी:–

1. परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार सर्वप्रथम राजस्व पर्षद, झारखण्ड के आधिकारिक वेब साईट (borexam.jharkhand.gov.in) पर One Time Registration कर Login Id एवं Password तैयार कर लेंगे।
2. Login करने पर उम्मीदवार को Candidate Information Verification Form डाउनलोड करने का विकल्प मिलेगा, जिसका प्रिंट आउट लेकर वांछित सूचना पूर्ण रूप से भर कर उसे अपने कार्यालय स्थापना प्रभारी से सत्यापित कराकर पुनः Login कर उसे अपलोड करते हुए अपना प्रोफाईल तैयार कर प्रोफाईल को Online अग्रसारित करेंगे, जो सत्यापन हेतु संबंधित जिला के नोडल पदाधिकारी के Login में प्रदर्शित होगा।
3. नोडल पदाधिकारी द्वारा उम्मीदवार के प्रोफाईल का सत्यापन किये जाने के पश्चात् उम्मीदवार को Online Application Apply (जिस पत्र की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं) करने की अनुमति होगी।
4. जिन कर्मचारियों (उम्मीदवार) द्वारा पूर्व में अपना Login ID एवं Password तैयार कर लिया गया है एवं उनका प्रोफाईल नोडल पदाधिकारी से सत्यापित है, वैसे कर्मचारियों (उम्मीदवार) को पुनः Registration करने की आवश्यकता नहीं है, वे सीधे Online Application Apply (जिस पत्र की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं) करेंगे।
5. उपरोक्त प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश, राजस्व पर्षद, झारखण्ड के आधिकारिक वेब साईट (borexam.jharkhand.gov.in) के How To Apply ऑप्शन पर देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
–सह–
स्थापना उप समाहर्त्ता,हजारीबाग।

PR 354484 District(25-26)D

## कला संकाय में तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाड़ीह के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन




तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाड़ीह कला संकाय 2025 का रिजेल्ट 99,2 प्रतिशत रहा। मालूम हो कि तमाड़ इंटर कॉलेज सलगाड़ीह से कल 408 छात्राओं ने परीक्षा लिखे थे, जिसमें 283 छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान तथा 123 छात्र-छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त की है और एक छात्र अनुत्तीर्ण रही है। जिसमें पूजा यादव 500 में 417 यानी 83.4% लाकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त की है, वहीं रीता कुमारी 500 में 401 यानी 80,2% लाकर द्वितीय स्थान तथा अनीता शोले और मोहित सिंह मुंडा 397 अंक यानी 79.4% लाकर सामूहिक रूप से कॉलेज में तृतीय स्थान प्राप्त किये हैं। तमाड़ इंटर कॉलेज के प्राचार्ज श्री कृष्णा सिंह मुंडा कॉलेज के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि मैट्रिक का रिजल्ट आने के बाद तमाड़ इंटर कॉलेज मैं नामांकन फार्म मिलना शुरू हो गया है जो भी छात्र-छात्राएं कला विज्ञान एवं वाणिज्य में नामांकन लेना चाहते हैं कॉलेज से सीधे फार्म प्राप्त कर नामांकन ले सकते हैं।

## बड़कागांव विधानसभा के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल की प्रभारी एंव बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पुर्व विधायक अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र एवं बुंडू पंचायत का दौरा किया। इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर अंबा प्रसाद का स्वागत किया। जिसके बाद बचरा संगम विहार क्लब में अंबा प्रसाद ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई। एवं पार्टी को मजबूत बनाने सहित अन्य बातों पर विचार विमर्श किया। इसके बाद अंबा प्रसाद कार्यकर्ताओं के साथ बुंडू पंचायत के लिए रवाना हुई। वहीं बुंडू बाजारटांड़ में नवनिर्मित मंदिर में चल रहे महायज्ञ में शामिल होकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। इस मौके पर पुर्व विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता,यज्ञ समिति के अध्यक्ष मदन साव, सचिव गणेश बंसल,कोषाध्यक्ष उमेश यादव, बुंडु पंचायत के मुखिया तुलसी तुरी, पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार, सुभाष साव सहित सैकड़ों की संख्या मे लोग मौजूद थे।

## राहे थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक




राहे (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में शुक्रवार को बकरीद त्योहार को लेकर सदस्यों के बीच शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में त्योहार को शांति और भाई चारे माहौल में मनाने की बात कही गयी। खुले में कुर्बानी न दें। वेस्टेज मटेरियल को खुले में न फेंकने को कहा गया। कुर्बानी का वीडियो न बनाने की हिदायत भी दी गयी। साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न डालने, न लाइक करने और न फॉरवर्ड करने को कहा। किसी भी अफवाह की स्थिति में तुरंत थाना ओर अधिकारियों को सूचना देने को कहा गया। बैठक सीओ जया शंखी मुरमू, बीडीओ अशोक कुमार, प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, एसआई शैलेंद्र टुडू, उप प्रमुख उमेश महतो, बिलु ठाकुर, मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति अमजद अली, कासिम अंसारी, क्षेत्र मोहन महतो, मुखिया कृष्णा पातर, गदाधर महतो सहित मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

## एनके एरिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने झंडा फहराकर किया। इसके बाद पर्यावरण बचाये रखने को लेकर सभी लोगों ने सामूहिक रूप से शपथ लिया। विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में महाप्रबंधक समेत श्रमिक प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया और फलदार वृक्ष लगाए। एनके एरिया पर्यावरण विभाग के द्वारा पर्यावरण दिवस को लेकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों के बीच कराए गए चित्रांकन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक समेत श्रमिक प्रतिनिधियों ने उपहार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मौके पर एजीएम जितेंद्र कुमार, पर्यावरण अधिकारी दिव्य प्रकाश, सीएसआर अधिकारी निखिल अखौरी, एसओसी सुमन कुमार, रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, श्रमिक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## नुगा बेस्ट का स्थापना दिवस मनाया गया



खलारी (आजाद सिपाही)। नुगा बेस्ट का 23वां स्थापना दिवस खलारी बेस्ट हाउस में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों के द्वारा केक काटा गया। वहीं सदस्यों को गिफ्ट भी दिया गया। खलारी बेस्ट हाउस के संस्थापक अजित कुमार सिंह एव राधा सिंह ने बताया कि नुगा बेस्ट के द्वारा थेरेपी के माध्यम से कई बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। लोगों को कई बीमारियों से इससे काफी लाभ हुआ है, जिसके कारण लोग इस नुगा बेस्ट से जुड़कर थेरेपी से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इस मौके पर स्टाफ नेहा प्रिया, मिथलेश कुमार सिंह, बिगन सिंह भोगता, रामलखन गंझू, विजय कुमार सिंह, संजीत सिंह,संसून निशा, कविता, राजबहादुर, दशमी देवी, रतन देवी, राजेंद्र गिरी, सविता गिरी, पुरुषोत्तम ठाकुर, सुमंती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## खलारी थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना परिसर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में तय हुआ कि बकरीद त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द से मनाया जायेगा। थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने जिला से मिले निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रतिबंधित मांस वाले पशुओं की कुर्बानी की मनाही है। कुर्बानी पर्दा में देना है। सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी नहीं देना है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट, पीएचसी खलारी के चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद, मुखिया पारसनाथ उरांव, ललिता देवी, शीला देवी, सुनीता देवी, मो बशीर, इंदिरा देवी, राजेशसिंह मिंटू, तनवीर आलम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 26 विद्यार्थियों को डीसी ने दिया प्रशस्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। जिले के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 26 छात्र-छात्राओं ने सीबीएससी एवं जैक बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इन मेधावी विद्यार्थियों को उपायुक्त आर रॉनिटा ने शुक्रवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त ने बच्चों से संवाद कर उनके भविष्य की योजनाओं को जाना और उन्हें मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई आर्थिक कारणों से बाधित नहीं होने दी जायेगी। उच्च शिक्षा कें लिए छात्रवृत्ति और अन्य शासकीय योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। सीबीएससी बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं इस प्रकार हैं 10वीं जिला टॉपर विकास सिंह, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी 80.6 प्रतिशत, 12वीं (आर्ट्स) पल्लवी कुमारी, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय खूंटी 90.2 प्रतिशत, 12वीं (कॉमर्स) विकास कुमार, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी 73.8 फीसदी, 12वीं (साइंस) अंकेश कुमार, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी 80.8प्रतिशत, जैक बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राए इस प्रकार हैं 10वीं जिला टॉपर वर्षा कुमारी, सेंट एनी गर्ल्स हाई स्कूल, तोरपा 94.6फीसदी, 12वीं (आर्ट्स) चंदन लोहरा, एसएस प्लस टू हाई स्कूल, रानिया 90 प्रतिशत, 12वीं (कॉमर्स) चमेली कुमारी, हरि प्लस टू हाई स्कूल, तोरपा 88.2 प्रतिशत, 12वीं (साइंस) दिव्या कुमारी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, खूंटी 84.8 प्रतिशत। उपायुक्त ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इन छात्रों की सफलता जिले के सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता और शिक्षकों के समर्पण को दर्शाती है।

# टोल प्लाजा प्रबंधन पर भ्रष्टाचार का लगा आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



बुंडू। एनएच 33 के बुंडू एदेलहातु मे स्थित टोल प्लाजा पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। आजसू नेता राजकिशोर कुशवाहा ने टोल प्लाजा प्रबंधन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। राजकिशोर कुशवाहा के अनुसार, बुंडू के लोकल टॉल कर्मियों ने 4 मई को राजकिशोर कुशवाहा से मिलकर बुंडू टॉल कंपनी के मनमानी की जानकारी दी थी। जैसे पहले की कंपनी में 1 महीने में 4 दिन छुट्टी दी जाती थी, टॉल के ही मेस में सभी को खाना खाने की व्यवस्था थी। सभी लोकल टॉल कर्मियों का इन्सुरेंस कंपनी के द्वारा कराया जाता था, लेकिन नया कंपनी जागर सिंह कंट्रक्शन जो अभी टॉल चला रहा है ये सारे सुविधाओं को बंद कर दिया है जिससे लोकल टॉल कर्मियों को काफी परेशानी हो रही है। इस बातों को लेकर गुरुवार को टॉल मैनेजर से सभी बिंदुओं पर वार्ता के लिए आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल टॉल प्लाजा गये थे। इसी वक्त देखा की टॉल प्लाजा के दोनों तरफ एक-एक बड़ी गाड़िया खड़ी थी, जिसमे मशीनरिज समान लोडिंग किया हुआ था। जब गाड़ी के ड्राइवर से पूछा गया कि गाड़ी क्यों खड़ा करके रखे हो, तो गाड़ी के ड्राइवर द्वारा बोला गया कि फास्टैग से पैसा कटने के बाद भी अलग से टोल कंपनी द्वारा 1000 रुपये की मांग की जा रही है और 1000 रुपया का कोई पर्ची भी नहीं दिया जायेगा। बोला जा रहा है कि और नहीं तो टॉल पार करने नहीं दिया जा रहा है, इसलिये एक गाड़ी ड्राइवर 1000 रुपये दे चुका था और एक से भी 1000 रुपया मांगा जा रहा था। दोनों करीब 4 घंटे से टॉल में खड़े थे। इन सभी की बात सुनने के बाद बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी, टॉल कंपनी के जीएम से फोन के माध्यम से बुंडू टॉल में हो रही अवैध वसूली की जानकारी देते हुये विरोध किये। इसके कुछ देर बाद बुंडू थाना से थाना के अधिकारी भी आये, जिनको सारी घटना की जानकारी दी गयी। उसके बाद टॉल कर्मियों द्वारा जो 1000 हजार अवैध रुपया लिया गया था उस पैसे को ड्राइवर को वापस किया गया और जो एक गाड़ी खड़ी थी जिससे 1000 रुपया मांगा जा रहा था, उसको भी फास्टैग कटा कर जाने दिया गया। अभी टोल कर्मी पिछले करीब 45 दिनों से अनियमित तरीके से धन वसूली कर रहे हैं। साथ ही स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की भविष्य में घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए नहीं तो आजसू पार्टी इस अवैध वसूली के खिलाफ उग्र आंदोलन करते हुऐ टॉल प्लाजा में ही धरना पर बैठेगी। प्रतिनिधि मंडल में हरिहर महतो, कालीपद महतो, कर्ण कुमार, सुबोध माझी, योगेंद्र नाथ महतो, अभिषेक गोराई, उमेश महतो, सुनील कुम्हार, मो सेराज, तपन कुमार आदि उपस्थित हुए।

# समस्याओं का ससमय और नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करें : डीसी

**उपायुक्त ने किया ईचागढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




ईचागढ़। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नितिश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, ईचागढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ईचागढ़ विधायक सविता महतो, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय और अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना,मनरेगा तथा पंचायत अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अभिलेखों की जांच कर कार्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई, योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं महिला स्वंय सहायता समूहों एवं किसानों की आयवृद्धि हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

**कृषि और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर विशेष बल :** उपायुक्त ने किसानों के बीच उपजाऊ किस्मों के अनाज और मौसमी सब्जियों के बीज वितरण को सुनिश्चित करने तथा स्थानीय युवाओं व स्वंय सहायता समूह की दीदियों को उनकी रुचि के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सकारात्मक प्रयास किये जाने का निर्देश दिया।

**राजस्व मामलों के शीघ्र निष्पादन पर बल :** अंचल कार्यालय निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने राजस्व एवं भूमि विवाद संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए सभी मामलों के नियमानुसार शीघ्र निष्पादन हेतु पंचायतवार विशेष शिविर आयोजित करने तथा उनमें प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं हेतु निर्देश :** निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति, दवा वितरण, स्टॉक पंजी मिलान एवं अन्य चिकित्सीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अनुपस्थित कर्मियों से कारण पूछ कर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, स्टॉक पंजी अद्यतन रखने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी भी उपस्थित हुए।

# जनजातीय भाषा के विकल्प से मुंडारी भाषा को हटाने का विरोध, विधायक ने शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीइटी) नियमावली 2025 के ड्राफ्ट में खूंटी जिले के लिए जनजातीय भाषा के विकल्प से मुंडारी भाषा को हटाये जाने का मामला गरमाता जा रहा है। विभिन्न दलों के लोग सोशल मीडिया पर इससे संबंधित सवाल उठा रहे हैं। तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग के सचिव से मुलाकात कर मुंडारी भाषा को पुनः जनजातीय भाषा के विकल्प में शामिल करने की मांग की। विधायक ने सचिव को अवगत कराया कि खूंटी जिला मुंडा बहुल क्षेत्र है और यहां की मूल जनजातीय भाषा मुंडारी है। ऐसे में मुंडारी को विकल्प से हटाना न केवल स्थानीय पहचान और संस्कृति के साथ अन्याय है, बल्कि यह भगवान बिरसा मुंडा, मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और अन्य जनजातीय आंदोलनकारियों के योगदान का भी अपमान है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुंडारी भाषा को हटाया जाना न तो तर्कसंगत है और न ही संवैधानिक भावना के अनुरूप। विधायक ने मांग की कि नियमावली के अंतिम प्रकाशन से पहले मुंडारी भाषा को खूंटी जिले के लिए पुनः जनजातीय भाषा के रूप में शामिल किया जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सौरव कुमार साहू ने कहा कि खूंटी के विधायक और सांसद मुंडा, मुंडा बहुल खूंटी जिला और प्रमुख क्षेत्रीय भाषा मुंडा है। मुंडारी झारखंड की प्रमुख जनजातीय भाषाओं में से भी एक है, लेकिन हेमंत सरकार ने जेटीइटी नियमावली में खूंटी की जनजातीय/क्षेत्रीय भाषा में मुंडारी को ही शामिल नहीं किया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार जल्द अपनी गलती सुधारे और खूंटी की मुंडारी भाषा में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ न्याय करे। मुरहू के सांसद प्रतिनिधि धर्मदास कंडीर ने भी मुंडारी भाषा को झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली 2025 के ड्राफ्ट में विकल्प में मुंडारी को शामिल नहीं करने पर आपत्ति जतायी है।

मुंडारी भाषा के विकलप को हटाने का विरोध करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा निर्गत झारखंड पात्रता परीक्षा में जो विषय की नियामावली बनी है, वह खूंटी जिला के लिए यथावत सही नहीं है। इससे मुंडा बहुल क्षेत्र होने के बावजूद खूंटी जिला के लिए मुंडारी विषय की अनदेखी करते हुए खूंटी में मुंडा विकलप विषय के यप में इसे शामिल नहीं रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी मांग करती है और सरकार से आग्रह करती है कि खूंटी जिला के लिए परीक्षा में मुंडा विषय को शामिल किया जाए, ताकि यहां के छात्रों को लाभ मिल सके।

## बकरीद आज, विधि व्यवस्था की तैयारी पूरी

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में ईद उल अजहा बकरीद का त्योहार आज मनाया जायेगा। त्योहार को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मस्जिदों और ईदगाह में साफ-सफाई और सजावट का काम पूरा कर लिया गया है। क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे,राय जामा मस्जिद में सुबह 7:15 बजे,नूरी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 7:00 बजे, बड़ी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 6:30 बजे, न्यू मंगरदाहा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे, बहेरा ईदगाह में सुबह 7:30 बजे, पुरानीराय मस्जिद में 7:00 बजे बकरीद की नमाज अदा की जायेगी। बकरीद को लेकर थाना क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम रखने हेतु पिपरवार पुलिस पुरी तरह से अलर्ट है। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि त्योहार को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने बकरीद पर क्षेत्र के सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

## एसडीओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू अनुमंडल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अनुमंडल कार्यपालक पदाधिकारी, डीएसपी, निबंधन पदाधिकारी, बिजली विभाग के अधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, सीडीपीओ, तथा तमाड़, सोनाहातु और राहे प्रखंड के सीओ, बीडीओ और थाना प्रभारी सहित अनुमंडल स्तर के कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एसडीओ ने निर्देश दिया कि सभी अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में चिन्हित सरकारी भूमि पर सूचना पट्ट लगाना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को उसकी जानकारी हो सके और अवैध कब्जों पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो भी लोग सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किये हैं, उनके खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जायेगी। समीक्षा बैठक में मंईयां सम्मान योजना, मनरेगा और अबुआ आवास योजना से जुड़े कार्यों की भी गहन समीक्षा की गयी। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायी जाए और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि का उपयोग इस प्रकार किया जाये, जिससे महिलाएं स्वावलंबी बन सकें और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। इसके लिए महिलाओं को व्यावसायिक दिशा में जागरूक और प्रशिक्षित करने पर भी बल दिया गया।

## इंटरमीडिएट परीक्षा के कला संकाय में अमानत अली इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन




बुंडू (आजाद सिपाही)। वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा के कला संकाय में अमानत अली इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ परचम लहराया है। लगभग शत प्रतिशत उत्तीर्णता के साथ 90% बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व शेष विद्यार्थियों ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान से सफलता प्राप्त की, जिसमें प्रथम स्थान पर 420 अंक लाकर पिंकी कुमारी ने द्वितीय 419 अंक लाकर अमित सिंह मुंडा ने एवं तृतीय 418 अंक लाकर ज्योत्सना कुमारी एवं सुभद्रा कुमारी ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त चौथे और पांचवें स्थान पर कल्पना कुमारी एवं मनसा मुंडा ने प्रतिभाशाली अंक प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को शुभकामना प्रेषित किया एवं प्राचार्य ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उच्च शिक्षण हेतु शुभेच्छा व्यक्त किया।

## बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



मुरी (आजाद सिपाही)। शुक्रवार की शाम को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सिल्ली थाना परिसर में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने किया। थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद का त्योहार को भाईचारे के साथ मनाएं, अफवाह पर ध्यान ना दें, सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का गलत पोस्ट करने से बचे, सरकार का गाइडलाइन का पालन करें एवं कुर्बानी का अवशेषों को यत्र तत्र ना फेंके बल्कि उसका सही निपटान करें। मोहम्मद फारूक ने संचालन करते हुए सभी को बकरीद की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर सिल्ली एवं मुरी थाना के पुलिस अधिकारी,नरोत्तम गोराई, डॉ अखिल महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी चौधरी, उप प्रमुख आरती देवी, बलराम महतो, गोपाल केडिया समेत समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम



मुरी (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिल्ली के लूपुंग पंचायत की मुखिया सीमा कुमारी की पहल पर खापचाबेड़ा ग्राम में पर्यावरण की रक्षा हेतु जंगल बचाओ अभियान और वृक्ष लगाने का कार्यक्रम किया गया। जिसमें सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, जल सहिया दीदी नूतन देवी और सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य भवानी देवी, आंगनबाड़ी सेविका फूलमणि उरांव सहायिका पार्वती देवी, गौर चंद उरांव, पंचायत चिकित्सा प्रभारी सुनंदा जयसवाल, सुकुमार विश्वकर्मा, राम गोपाल केडिया समेत ग्राम वासी उपस्थित थे। सभी ने पुराने पेड़ पर रक्षा सूत्र बांध कर और नए पेड़ लगा कर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने की अशोक परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा का प्रतिनिधि मंडल ने अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह से मुलाकात की। शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में मोर्चा के सदस्यों ने परियोजना पदाधिकारी के महाप्रबंधक पद पर पदोन्नति होने पर बधाई दी और माला पहनाकर एव बुके देकर स्वागत किया। मोर्चा ने मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन के रैयतों के नौकरी मुआवजा की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। शिवनारायण लोहरा ने कहा कि परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह के प्रयास के कारण ही रैयतों ग्रामीणो की फाइल काफी आगे बढ़ा है और उनके द्वारा सकारात्मक पहल से ही और तेज गति से इस पर कार्य होगा। इस मौके पर कृष्णा गंझु, विनय टोप्पो, ताहिर अंसारी, विनोद मुंडा आदि शामिल थे।

## युवाओं को नशे से दूर रखने का संकल्प

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर मेंएक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह ने युवाओं में नशे के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त किया। कहा कि यह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक समस्या बन चुकी है। इसकी रोकथाम के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर प्रयास करने होंगे। वहीं, नोडल ऑफिसर प्रो दिनेश मंडल ने कहा कि नशा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से बर्बाद कर देता है। यह केवल नशा करने वाले व्यक्ति की नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार की तबाही का कारण बनता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे खुद नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम को डॉ ए भट्टाचार्य, डॉ बी एस सिंह, प्रो अरशद उस्मानी और प्रो अंकित सिंह आदि ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने नशे से गंभीर नुकसान और बचाव को लेकर विचार रखे।

# एमसीसी के नाम पर मांगी लेवी, 2 उग्रवादी गिरफ्तार

## वसूली में शामिल सात अन्य की तलाश में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** गुरुड़पीड़ी पुल निर्माण स्थल पर एमसीसी के नाम पर लेवी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामकुम पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सुखलाल मुंडा और सुखराम भेंगराज के रूप में हुई है। दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। साथ ही घटना में शामिल अपने सात अन्य साथियों के नामों का भी खुलासा किया है। जानकारी के मुताबिक मामला 22 मई को नामकुम थाना में बीएनएस एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। घटना उस समय हुई जब निर्माण कार्यस्थल पर ठेकेदार के मुंशी को एक उग्रवादी संगठन का पर्चा देकर काम बंद करने की धमकी दी गई। इसके बाद ठेकेदार को अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर लेवी की मांग की गई। धमकी भरे संदेश में साफ तौर पर कहा गया था कि लेवी नहीं दी गई तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआइजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर नामकुम थानेदार मनोज कुमार की अगुवाई में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी सेल की मदद से की गई जांच में पता चला कि धमकी देने के लिए जिस मोबाइल का उपयोग हुआ, वह आरोपी शिवा पाहन के घर से बरामद किया गया। बता दें कि शिवा पाहन पहले भी उग्रवादी घटनाओं में जेल जा चुका है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के पास से दो बाइक और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है, जिनका उपयोग घटना को अंजाम देने में किया गया था। पुलिस को जांच में यह भी जानकारी मिली कि यही आरोपी खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र के बेड़ाहातू में बन रहे पुल के ठेकेदार और मुंशी को भी लेवी के लिए धमका चुके है। इस संबंध में अड़की थाना में कांड संख्या 37/25 के तहत अलग से मामला दर्ज किया गया है। इस सफल कार्रवाई में नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार, एसआई गौतम कुमार, रंजीत कुमार, निशा श्रींजन और जयदेव कुमार सराक की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस फरार सात अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।



पकड़े गये उग्रवादियों की जानकारी देती पुलिस।

# रांची में कारोबार के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी

## रुपये मांगने पर दिया गया चेक हुआ बाउंस

- व्यापार के नाम पर पांच लोगों से 20 लाख की ठगी, रुपये मांगने पर दे रहा जान से मारने की धमकी, एफआइआर
- पूरी ठगी में 'द आइडियल फाउंडेशन' नाम के एक खाते का भी किया गया है उपयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** रांची में बिजनेस के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में सरफराज अंसारी नामक व्यक्ति ने पिठोरिया थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसके अनुसार, नाजरे आलम नामक व्यक्ति ने पीड़ित से व्यापार में निवेश कराने के नाम पर 13 जनवरी 2024 को दो लाख 25 हजार रुपये नकद लिए थे। आरोपी ने बिजनेस से होने वाले मुनाफे के साथ मूलधन भी वापस करने की बात कही थी। इस लेन-देन के लिए दोनों के बीच विधिवत एकरारनामा भी किया गया था। लेकिन, जब पीड़ित ने आरोपी से कई बार पैसे की मांग की, तो उन्हें एक चेक दिया गया। पीड़ित ने जब चेक बैंक में जमा कराया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़ित ने इस संबंध में नाजरे आलम से बात की और पैसे लौटाने की मांग की। तब आरोपी ने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। यही नहीं, बार-बार पैसे मांगने पर आरोपी नाजरे आलम ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

वहीं, पीड़ित ने एफआईआर में बताया है कि आरोपी नाजरे आलम ने कई लोगों से इसी तरह बिजनेस के नाम पर ठगी की है। जिनसे पैसे ठगे गए हैं, उनमें रूद कच्छप, महावीर मुंडा, अतीक अहमद और गुल मोहम्मद अंसारी शामिल हैं। आरोपी ने इन सभी लोगों को पहले बिजनेस में पैसे लगाने का प्रलोभन देकर झांसे में लिया। इसके बाद लाखों रुपये ठग लिए। आरोप है कि नाजरे आलम ने आज तक किसी को एक भी रुपया वापस नहीं लौटाया है। पीड़ितों ने बताया कि आरोपी ने अलग-अलग लोगों से मिलाकर करीब 20 लाख रुपये नकद आरटीजीएस के माध्यम से लिए हैं। बताया जा रहा है कि इस पूरी ठगी में 'द आइडियल फाउंडेशन' नाम के एक खाते का भी उपयोग किया है। एफआईआर के अनुसार, मामला केवल कुछ लाख का नहीं है, बल्कि आरोपी ने अब तक करोड़ों रुपये की ठगी की है। जब कोई पैसा वापस मांगने जाता है तो उसे धमकाया जाता है। पीड़ितों ने पिठोरिया पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है।


पीड़ित सरफराज अंसारी।

## 22 किसानों के बीच रेशम किट का वितरण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव स्थित तसर भवन में हस्तकरघा रेशम हस्तशिल्प निदेशालय केअंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय अग्र परियोजना बेड़ो की ओर से दो समूहों बारीडीह एवं हरिहरपुर जामटोली के 22 महिला-पुरुष किसानों के बीच रेशम किट पालन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर पलामू क्षेत्र के सहायक उद्योग निदेशक आलोक कुमार ने कहा कि झारखंड की जलवायु और मिट्टी रेशम उत्पादन, विशेषकर मलबरी और तसर रेशम के लिए उपयुक्त है। सरकार की यह पहल किसानों को पारंपरिक खेती के अलावा आय का एक अतिरिक्त और आकर्षक स्त्रोत प्रदान करने के लिए है। उन्होंने बताया कि रेशम कीट पालन एक कम लागत वाला व्यवसाय है। जिसे घर की महिलाएं भी आसानी से कर सकती हैं। जिससे महिला सशक्तीकरण को भी बल मिलेगा। वहीं, अग्र परियोजना पदाधिकारी सोनी कुमारी ने बताया कि इस योजना के तहत न केवल मुफ्त सामग्री प्रदान की जा रही है, बल्कि किसानों को रेशम कीट पालन का वैज्ञानिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मुखिया लक्ष्मी कोया ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तो समाज सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि टूल किट वितरण से आर्थिक और सामाजिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं रेशम किट पालन समूह के चरवा उरांव ने कहा कि कृषि में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। गांव से पलायन की समस्या दूर करने के लिए गांवों को सुविधा संपन्न बनाना होगा। मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर धनंजय कुमार, प्रोजेक्ट असिटेंट मोहित महतो, परमेश्वर उरांव, जेई सुनील कुमार गोस्वामी, ग्राम प्रधान राम प्रसाद, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, उप मुखिया जसमनी, महाकाल लोहरा, अभिराम उरांव, जोसेफ लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में बकरीद को लेकर शुक्रवार को शांति समिति के बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ मोहम्मद अनीस ने की। बैठक में सभी समाज के लोगों द्वारा अपने-अपने विचार दिए गए। उप प्रमुख परवेज राजा ने बकरीद की नमाज का स्थान एवं समय को लेकर चर्चा की। वहीं, थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर समाज को भड़काने वाले फोटो एवं वीडियो पोस्ट ना करें। ऐसा करने वालों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सीओ मोहम्मद अनीस ने कुर्बानी के लिए कुछ सलाह उपस्थित लोगों के माध्यम से समाज को दी। कहा कि सोशल मीडिया में बेवजह पोस्ट से बचें। कुर्बानी पर्दे के अंदर करें और अवशेष को सावधानी पूर्वक डिस्पोज कर दें। बैठक में इकबाल अंसारी, बीरा उरांव, प्रकाश महतो, मोइन अंसारी, अंजुम जमाल, नंदलाल महतो आजाद कुरेशी आदि मौजूद थे।

## डॉ राम मनोहर लोहिया प्लस टू हाइस्कूल में इंटर कला का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** डॉ राम मनोहर लोहिया प्लस टू उच्च विद्यालय में इंटर कला का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय से कुल 174 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 123 प्रथम और 51 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के टॉप 10 छात्रों में आरती कुमारी 425 (85 फीसदी), विकास कुमार साहू 400 (80 फीसदी), अक्षय कुमार यादव 400 (80 फीसदी), पुष्पा कुमारी 398 (79.6 फीसदी), उत्तम कुमार साहू 398 (79.6 फीसदी), अमित कुमार 379 (79.6 फीसदी), राशि कुमारी 376 (75.2 फीसदी), प्रेम महतो 376 (75.2 फीसदी), सुमन कुमारी 375 (75 फीसदी), शशिकांत साहू 373 (74.6 फीसदी), नेहा कुमारी 371 (74.2 फीसदी), मयंक कुमार नायक 370 (74 फीसदी) और रिया कुमारी 369 (73.8 फीसदी) रहे। प्राचार्य डॉ अमरेंद्र कुमार ने सफल सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी है।

## चिलदाग के एसएस प्लस टू हाइस्कूल के विद्यार्थियों का इंटर कला की परीक्षा में रहा शानदार प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएस प्लस टू हाईस्कूल चिलदाग के विद्यार्थियों ने इंटर कला की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। इसमें कुल 305 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें से 206 प्रथम, 95 द्वितीय और दो तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। छात्रा अनुराधा कुमारी 431 अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी, जबकि उदेश बेदिया 423 अंक के साथ द्वितीय एवं सनी नायक 412 अंक लाकर तृतीय टॉपर बने। प्राचार्या संगीता कुमारी रवि ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

# सिकिदिरी पुलिस की पहल पर हुआ प्रेमी-युगल का आदर्श प्रेम विवाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सिकिदिरी पुलिस की पहल एवं ग्रामीणों-सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शुक्रवार को एक प्रेमी-युगल का आदर्श विवाह कराया गया। विवाह गेतलसूद शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें आशीर्वाद देने के लिए दोनों पक्षों के स्वजनों के अलावा भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, कांग्रेस नेता शिवनारायण मुंडा, जोन्हा के पंसस दिलीप बेदिया आदि उपस्थित थे। जैलेन्द्र कुमार ने प्रेमी-युगल को आशीर्वाद देते हुए सुखमय भविस्य की कामना किया। बताया जा रहा कि सिकिदिरी थाना क्षेत्र के दुबलाबेड़ा की मोनिका कुमारी का प्रेम-संबंध पिछले दो सालों से अनगड़ा थाना क्षेत्र के बुढ़ाकोचा निवासी सुरेश बेदिया के साथ चल रहा था। इसी बीच प्रेमिका गर्भवती हो गई। प्रेमी सुरेश हैदराबाद में काम करता था। प्रेमिका के गर्भवती होते ही उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इस मामले को लेकर प्रेमिका ने सिकिदिरी थाना में शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद थानेदार दीपक सिन्हा ने दोनों पक्षों को बुलाया। इसी बीच दो दिन पूर्व प्रेमी सुरेश प्रेमिका मोनिका को लेकर गायब हो गया और किसी निजी अस्पताल में उसका गर्भपात करा दिया। इससे मामला और बिगड़ गया। सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक रूप से समझौता नहीं हुआ तो केस कर प्रेमी को जेल भेजेंगे। इसपर प्रेमी का परिवार शादी करने को तैयार हो गया। आनन-फानन में शुक्रवार को गेतलसूद शिव मंदिर में प्रेमी-युगल की शादी करा दी गई।



## 15वें वित्त आयोग के पैसे की मांग को लेकर मुखिया संघ की बैठक

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** 15वें वित आयोग का पैसा एवं मनरेगा का पैसा एक साल से नहीं मिलने से विकास कार्य ठप है। 15वें वित्त आयोग से पैसा की मांग को लेकर ओरमाझी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बडाईक की अध्यक्षता में शुक्रवार को ओरमाझी पंचायत सचिवालय में मुखियाओं की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित सभी मुखियाओं ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए विस्तार से चर्चा की। कहा कि यह पंचायत के लिए एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। विकास का पैसा पंचायत में नहीं आने से गांव का विकास नहीं हो पा रहा है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस संबंध में ज्ञापन देकर 15वें वित्त आयोग का पैसा एवं मनरेगा योजना का पैसा पंचायतों को जल्द उपलब्ध कराने का आग्रह करेंगे। बैठक में ओरमाझी मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक बडाईक, रमेश बेदिया, धनराज बेदिया, शिवनाथ मुंडा, विरेंद्र मुंडा, सुनील उरांव, सीमा तिर्की, पुनम देवी, दशमी मिंज, अनिता देवी, पार्वती देवी, रोजलिन लकड़ा, सुफल महली, सावित्री देवी, रीना देवी, लखेश्वर उरांव और नाजरीन प्रवीण आदि उपस्थित थे।



# बेड़ो में सरनास्थल पर उपजे विवाद के समाधान को लेकर दो पक्षों की बैठक

## आपसी सहमति से अगली बैठक में समाधान करने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मैदान के समीप सरना स्थल की जमीन को लेकर उपजे विवाद के समाधान के लिए शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सभागार में दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ प्रताप मिंज ने की। इसमें आपसी सहमति एवं सर्वसम्मति से अगली बैठक में विवाद का निदान निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही सामूहिक निर्णय के अभाव में तब तक मामले पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में एक पक्ष के ग्रामीण सरना स्थल की जमीन एक एकड़ पांच डिसमिल पर अपनी आस्था का हवाला देकर दावेदारी कर रहे थे। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने एक स्वर से ऐतिहासिक महादानी मैदान को संरक्षित करने की बात पर जोर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि महादानी मैदान में सरकारी, खेलकूद, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होता है। महादानी मैदान के प्रभावित होने से सभी तरह के सामुदायिक कार्यक्रम प्रभावित होंगे। जिसका असर आम लोगों के जीवन पर पड़ेगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री देव कुमार धान, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, धर्मगुरु बंधन तिग्गा, सीओ प्रताप मिंज, बीडीओ राहुल उरांव, डीएसपी अशोक कुमार राम, खलारी डीएसपी आरएन चौधरी, सांसद प्रतिनिधि सह केंद्रीय पड़हा अध्यक्ष जुगेश उरांव, मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, केश्वर महतो, विश्वनाथ गोप, सुरेंद्र महतो, अंकित सोनी, जगरनाथ भगत, आशा एक्का, जल्ही उरांव, सुशीला उरांव, मंगल पहान एवं करण उरांव आदि मौजूद थे।


बेड़ो प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक में मौजूद पदाधिकारी एवं दोनों पक्षों के प्रतिनिधि।

## इटकी से शव बरामद

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के इटकी मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंप के आगे राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल में शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव बारमद हुआ। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं, जांच में मृतक की पहचान विशाल सिंह (30) के रूप में हुई है। विशाल रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित करमाटोली के प्रोफेसर कॉलोनी का रहने वाला था। वर्तमान में वह श्रद्धावारी चट्टी प्रखंड में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि विशाल का ससुर एवं ससुराल वाले ही उसकी हत्या कर यहां फेंक दिया है।

## ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के केसारो गांव में रांची-लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से गांव के ही 65 पर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। उसकी पहचान जबरा कच्छप के रूप में हुई है। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि वह सुबह में रेलवे लाइन के पास स्थित अपने खेत में गया था। वहां जुताई कराने के लिए सुबह में ट्रैक्टर को बुलाया था। ट्रैक्टर के नहीं पहुंचने पर वह वहीं रेलवे पटरी पर बैठ कर खैनी बना रहा था। तभी सुबह आठ बजे रांची से लोहरदगा जा रही पैसेंजर ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से मौत हो गयी। शरीर कई हिस्सों में बंट गया था। ग्रामीणों की मानें तो वृद्ध कम सुनते थे। संभवतः इसलिए ट्रेन की आवाज को नहीं सुन सके और उसकी चपेट में आ गये।

## पत्रकार की 120 साल की दादी का निधन, शोक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मासू गांव निवासी पत्रकार बबलू मुस्ताक की दादी कुलसुम खातून का शुक्रवार की दोपहर उनके आवास पर निधन हो गई। वे करीब 120 वर्ष की थी। वह अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़कर गई हैं। उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ रिझू नायक, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुंडा, साकिर अंसारी, मजबूल खान, डॉ गुलजार, नरेश साहू, सिकंदर अंसारी, रामसाय मुंडा, वीरेंद्र सिंह भोगता, मुस्तफा अंसारी, मिनहाज आलम, कृपा शंकर महतो, लक्ष्मण बाबा, अब्दुल इमाम अंसारी, जलनाथ चौधरी आदि शामिल थे। शुक्रवार की शाम को ही हेसल मासू कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक हुईं।


## नगड़ी और रातू थाना में शांति समिति की बैठक भाइचारे के साथ त्योहार मनाने का लिया निर्णय

**रातू/नगड़ी (आजाद सिपाही)।** रातू थाना परिसर में शुक्रवार को उल अजहा (बकरीद) को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रातू सीओ रवि कुमार ने की। बैठक में बीडीओ के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सीओ रवि कुमार ने जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्ध लोगों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के बीच बकरीद त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। सीओ ने किसी भी अफवाह से बचने एवं अप्रिय घटना की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। वहीं, बीडीओ शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में कहीं भी किसी प्रकार की कोई हिंसक एवं अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सभी लोग सहयोग करें। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि सरारती तत्वों एवं हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जबकि शांति समिति के सदस्यों ने भी पुलिस की गस्ती तेज करने, अफवाह फैलाने वालो पर नकेल कसने एवं असमाजिक तत्वो की पहचान कर उस पर नजर रखने की बात कही। इस मौके पर दामोदर मिस्त्र, अताउल्लाह अंसारी, अनिसुल रहमान, हरि साव, ज्योति देवी, राजकुमार साव, अरशद अयूब, कामेश्वर महतो, बेलाल अंसारी, शिवपूजन, रजब अली, खलील अंसारी, मोख्तार अंसारी, मुंतजिर खान, रमेश महतो, राजू वर्मा, फूलकुमारी देवी और महफूज अंसारी आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, नगड़ी थाना परिसर में भी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय की अध्यक्षता में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. जिसमें उपस्थित शांति समिति के सभी सदस्यों ने एक स्वर में शांति और सौहार्द के साथ बकरीद पर्व मनाने का निर्णय लिया। एक-दूसरे की भावना का ख्याल एवं सम्मान करने हुए बकरीद मनाने की बात कही। वहीं, नगड़ी प्रखंड के साहेर जामा मस्जिद में सुबह सात बजे , मस्जिद ए बेलाल में सुबह 7.30 बजे, हाई स्कूल मदीना एवं बांध टोली जमा मस्जिद में 7.45 बजे , नगड़ी जमा मस्जिद में सुबह आठ बजे, एडचोरो ईदगाह में सुबह सात बजे, बरसा मस्जिद में 7.15 बजे, बसील मस्जिद में 7.15 बजे बकरीद की नमाज अदा करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर लाल प्रेम प्रकाश लाल शाहदेव, तपेश्वर केशरी, चूड़ामणि महतो, केदार महतो, दिलरुबा हुसैन, कुलदीप तिवारी, यासीन अंसारी बांदे उरांव, हाशिम अंसारी, शीला देवी, दीपक केसरी, गुलरेज अंसारी, अब्दुल कुद्दूस, सरफराज अंसारी, रितेश राज, तस्लीम अंसारी, एकबाल अंसारी, सत्यनारायण ठाकुर, भोला केसरी, प्रेम प्रकाश एक्का, मोबिन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## आइएसटीडी रांची चैप्टर की वार्षिक आम बैठक में वर्ष 2024-25 की योजनाओं पर हुई चर्चा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट रांची चैप्टर की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन शुक्रवार को झारखंड गवर्नमेंट टूलरूम के सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता टूलरूम के प्राचार्य सह आइएसटीडी रांची चैप्टर के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने की। इसमें उपाध्यक्ष रेखा पांडे, सचिव मिथलेश कुमार उपाध्याय, कोषाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा के साथ ही कार्यकारी समिति के सदस्य विवेक कृष्णा, रश्मि दयाल, शिवाजी कुमार तथा सदस्यगण सुनीता मेहता, मंगल टोप्पो, पुर्णेंदु पंकज, गौरव प्रियदर्शी, कमलकांत, राहुल रंजन उरांव एवं कुमार अविअश उपस्थित थे। सचिव मिथलेश कुमार उपाध्याय ने वर्ष 2024-25 के लिए चैप्टर की गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें बीते वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों और आगामी लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद कोषाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वित्तीय विवरण एवं अंकेक्षित रिपोर्ट साझा की, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। बैठक में सदस्यों ने चैप्टर की आगामी योजनाओं को और अधिक व्यापक, व्यावसायिक एवं समावेशी बनाने हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही यह आशा व्यक्त की कि आइएसटीडी रांची चैप्टर आने वाले समय में प्रशिक्षण एवं विकास से संबंधित और अधिक उपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। जिससे व्यावसायिक शिक्षा और क्षमतावृद्धि को नई दिशा मिलेगी।

## बजरंगबली की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकली कलशयात्रा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लालगंज नीचे बस्ती में स्थित बजरंगबली मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर भंगी नदी से महिला श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंची। जहां पुरोहित तारकेश्वर पंडित ने पूरे विधि विधान के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। यजमान अनिल साहू सह पत्नी, विवेक साहू सह पत्नी, चितरंजन बडाईक सह पत्नी, सुनील साहू सह पत्नी, कुलदीप साहू सह पत्नी अनुष्ठान में बैठी। वहीं, पूजा को सफल बनाने में उपेन्द्र साहू, शलीवहान साहू, शिवा साहू, वैजनाथ साहू, शशि साहू, जागरण उरांव ,अमित साहू और सुशील साहू की भूमिका सराहनीय रही।

# बकरीद की तैयारियों को लेकर एसपी ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक, गुमला द्वारा ईद-उल-जोहो (बकरीद) का त्यौहार की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, गुमला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चैनपुर/ गुमला/ पुलिस उपाधीक्षक (परिवीक्ष्यमान), गुमला, अंचल निरीक्षक, सिसई/ बसिया/ चैनपुर, पुनि सह प्रभारी, गुमला एवं एससी/एसटी के साथ सभी थाना प्रभारी तथा परिचारी प्रवर, परिचारी, उपस्कर एवं संबंधित शाखा पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक आरंभ करने से पूर्व पुलिस अधीक्षक, गुमला द्वारा सभी पदाधिकारियों से परिचय लिया गया तत्पश्चात बकरीद पर्व को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा इस अवसर पर किसी भी कारण से विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो इसके संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को पुलिस मुख्यालय स्तर से निर्गत सभी आदेश/ निर्देशों का अक्षरसः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया ताकि गुमला की आम जनता सौहार्द्र पूर्ण तरीके से शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद का पर्व मनायें।

# बकरीद को लेकर पुलिस लाइन चंदाली में मॉक ड्रिल

## 'प्रदर्शकारियों' पर पानी की बौछार और आंसू गैस के गोले दागे गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर स्थित पुलिस लाइन चंदाली के मैदान में शुक्रवार दिन के 2 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया शनिवार को गुमला में मुस्लिम धर्मावलंबियों का बकरीद पर्व मनाया जायेगा। पर्व में शांति व्यवस्था को लेकर थाना स्तर पर शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया था। वहीं पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों के बीच मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिससे समय पर स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके कार्यक्रम में कुछ पुलिस कर्मियों को प्रदर्शनकारी के रूप में खड़ा किया गया और दंगा और प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गयी। इसके बाद उन पर पानी की बौछार की गयी। साथ ही आंसू गैस के गोले भी दागे गए इसके बाद घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजने का प्रदर्शन किया गया। इस बीच प्रदर्शन कार्यों के हमले से खुद का बचाव कैसे करना है इसकी भी जानकारी दी गयी। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय बताए भी गये।



## भारत विकास परिषद के सदस्यों ने डीसी से की मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद गुमला शाखा ने उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित से ओपचारिक मुलाकात कर उनहें पुष्प गुक्ष एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। गुमला के संपूर्ण विकास हेतु उनके अहम योगदान करने के लिए शुभकामनाएं और बधाई देकर वर्तमान समय में गुमला के जन समस्याओं के प्रति आगाह और विस्तृत चर्चा किया गया किया। उपायुक्त महोदया ने सभी समस्या का निदान करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता सचिव राकेश वर्मा, क्षेत्र प्रमुख हरि किशोर शाही, संरक्षक निर्मल गोयल, सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी बालकेश्वर सिंह, वरिष्ठ सदस्य विनय अखौरी, मनमोहन सिंह उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में तीन नाबालिग घायल



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर घाटी के पास गुरुवार देर शाम सड़क दुर्घटना में तीन नाबालिग दोस्त मोटरसाइकिल से खाई में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में नवीन तिर्की पिता राम लोहरा 14 वर्ष, अंकेश लकड़ा 15 वर्ष और महादेव मुंडा पिता शशिन्द्र मुंडा 17 वर्ष शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर डी एन ठाकुर ने इलाज के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए अंकेश लकड़ा और महादेव मुंडा को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। वहीं नवीन तिर्की को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। घटना के बाद घायल के दोस्तों ने मोटरसाइकिल को जंगल में छुपा दिया था, जिसे पुलिस ढूंढकर जब्त कर थाना लाकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि तीनों नाबालिग एक ही मोटरसाइकिल में बिना हेलमेट के चल रहे थे। दुर्घटना स्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि तीनों शराब के नशे में थे और अंधाधुन स्पीड में मोटरसाइकिल दौड़ाई जा रही थी। चैनपुर क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटना देखने को मिल रहा है। पिछले 15 दिनों के अंदर सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

# कांग्रेसियों ने सिसई की 18 पंचायतों के लैंप्स को चालू कराने की मांग की

**कृषि मंत्री, शिल्पी नेहा तिर्की को एक लिखित आवेदन दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** जिला महासचिव सह कांग्रेस नेता गंगा उरांव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कृषि से संबंधित, किसानों को,ससमय सब्सिडी पर लैंपस से धान बीज प्राप्ति एवं प्रखंड कृषि विभाग द्वारा, बीज वितरण सही समय पर गरीब किसानों को उपलब्ध कराने हेतु, कृषि मंत्री, शिल्पी नेहा तिर्की को एक लिखित आवेदन दिया है।

कांग्रेस नेता गंगा उरांव ने आवेदन के माध्यम से कृषि मंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि सिसई प्रखंड के 18 पंचायतों में कृषि सहकारिता के तहत किसानों को सब्सिडी पर खाद बीज लाभ के लिए लैम्पस है परन्तु 18 में से सिर्फ दो पंचायत सिसई और लरंगो के लैंपस से ही मॉनसून के वक्त सब्सिडी पर किसानों को धान बीज वितरण किया जाता है परन्तु दो ही पंचायत के लैम्पस से पूरे प्रखंड के किसानों को पूर्ति करना संभव नहीं हो पाता है और मजबूरी वश गरीब किसान बाजारों से महंगे और ऊंची कीमतों पर खाद व धान बीज खरीदकर खेती करते हैं। इस तरह कृषि विभाग के लापरवाही के कारण गरीब किसानों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। गंगा उरांव ने कहा कि तत्काल में किसानों को सब्सिडी पर धान बीज प्राप्ति हेतु अठारहों पंचायत के लैंपस को चालू और सक्रिय किया जाए। ताकि सही समय पर सभी किसान इसका लाभ उठा सकें।

इसपर कृषि मंत्री बताया कि तत्काल में 18 पंचायतों के लैंपस को चालू कराना नामुमकिन है, परंतु संज्ञान में आया है तो निश्चित ही चार-चार लैंपस को क्लस्टर के तौर पर टैग करके सब्सिडी पर किसानों को धान बीज वितरित किया जायेगा। इस मौके पर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, रामधारी सिंह, रविन्द्र उरांव, बनबिहारी भगत, गंदुर मुंडा, नंदकिशोर उरांव, महेंद्र मुंडा, कैलाश उरांव आदि उपस्थित थे।





## 13 को माप-तोल विभाग कार्यालय के परिसर में कैंप लगाया जायेगा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** 6 जून दिन शुक्रवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह और गुमला माप तोल विभाग के पदाधिकारी शशि संगीता से वार्ता हुई। जिसके अनुसार गुमला के व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि आगामी शुक्रवार 13 जून को माप तोल विभाग कार्यालय के परिसर में ही दिन के 11 बजे से 3 बजे तक व्यापारियों के लिए एक कैंप लगाया जायेगा जिसमें व्यापारियों का माप तोल विभाग से संबंधित जो भी कार्य पेंडिंग है जैसे रेनुवल करना या नया लाइसेंस बनाना सभी कार्यों का निष्पादन किया जायेगा । अतः व्यापारियों से अनुरोध है के इस कैम्प का लाभ उठाएं। इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी ने दिया।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# सांसद प्रतिनिधि ने डीसी को अनुशंसित पत्र समर्पित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने उपायुक्त गुमला से मुलाकात कर माननीय सांसद सुखदेव भगत द्वारा अनुशंसित पत्र समर्पित किया। ज्ञात हो कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद महोदय को रायडीह प्रखंड के चैनपुर मुख्य पथ के समीप केराडीह बस स्टॉप डूमरडीपा से केराडीह गांव तक पथ निर्माण, नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में चेटर पुल से कन्हर टोली तक पथ निर्माण, रायडीह प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमिक उच्च विद्यालय केमटे एवं घाघरा प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमिक मध्य विद्यालय नौनी के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार का आवेदन क्षेत्र की जनता के द्वारा प्राप्त हुआ था। उपायुक्त गुमला ने उक्त पत्र के आलोक में शीघ्र करवाई करने की बात कही है। सांसद प्रतिनिधि के साथ दिशा सदस्य रूपेश कुमार सन्नी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, सिसई उपप्रमुख निलेश उरांव, राजू भगत उपस्थित थे।

## सीसीकरमटोली में जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, किसान का घर तोड़ा



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसी करमटोली पंचायत के सीसीकरमटोली गांव में गुरुवार की अहले सुबह एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। लगभग सुबह 3 बजे गांव में घुसे हाथी ने ग्रामीण रंजीत चिक बड़ाइक के मकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी ने घर के अंदर रखे धान को खा लिया और बाकी अनाज को बर्बाद कर दिया। अचानक हुए हमले से घर में सो रहे परिवार के सदस्य किसी तरह भागकर अपनी जान बचा सके। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार को सुरक्षा के लिए पटाखा और टॉर्च प्रदान किया। विभाग ने नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने का आश्वासन भी दिया है। गांव के लोगों ने वन विभाग से हाथी की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# रमेश कुमार ने संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने का किया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 10 जून को आयोजित जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने का प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह संविधान बचाओ रैली के सदस्य रमेश कुमार और सदस्य दीप नारायण उरांव सफल बनाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है। जिले के सभी कार्यकताओं से संविधान अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की भी अपील की। संविधान बचाओ रैली जिला कांग्रेस कमेटी के पार्टी कार्यालय से आरंभ होगी?। वहीं श्री चीनी ने कहा कि रैली की तैयारी जिले के हर प्रखंड में वृहद पैमाने में किया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर जिले के प्रखंड अध्यक्ष इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। यह रैली पैसा कोड सारण कोड को लागू करने की मांग सहित कई मुद्दों को लेकर यह रैली का आयोजन किया जा रहा है।

## जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

# डीसी ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिये

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहीं उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित ने मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र, शुभकामना संदेश, मोमेंटो तथा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा लिखित पुस्तक अग्नि की उड़ान भेंट स्वरूप प्रदान की। अपने संबोधन में उपायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि आप सभी बच्चों को अपने भविष्य के बारे में स्पष्टता है। आपको यह भलीभांति पता है कि आपको अपने जीवन में क्या करना है। यह एक सराहनीय संकेत है जो यह दर्शाता है कि आप सभी एक सकारात्मक दिशा में अग्रसर हैं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके समय में उन्हें इस बात की स्पष्टता नहीं थी कि उन्हें क्या करना है। उन्होंने केवल अपनी जिज्ञासा और महत्वाकांक्षा के पीछे निरंतर प्रयास किया और अपने सीखने की जिज्ञासा को सदैव बनाए रखा। उन्होंने कहा कि जीवन में हर जगह रुकना नहीं चाहिए, बल्कि आगे बढ़ने की इच्छा को सदैव जागृत रखना चाहिए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि आपकी उपायुक्त को आज भी आगे बढ़ने की इच्छा और जिज्ञासा की भावना बनी हुई है। जीवन में निरंतर सीखते रहना चाहिए। जब किसी व्यक्ति के भीतर जानने और जिज्ञासा की भावना समाप्त हो जाती है, तो उस व्यक्ति की आत्मिक मृत्यु हो जाती है।

उन्होंने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा लिखित पुस्तक अग्नि की उड़ान का एक प्रेरणादायक उद्धरण भी साझा किया। उन्होंने कहा कि जब हम सोते हैं, सोने से पूर्व जो इच्छाएं हम चिंतनपूर्वक सोचते हैं, वे जल्दी पूरी होती हैं। यदि हम दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करें तो संपूर्ण ब्रह्मांड हमारी इच्छाओं को पूर्ण करने में सहयोग करता है।



## बाबा कार्तिक उरांव पुस्तकालय में गुरुगोष्ठी आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को बाबा कार्तिक उरांव पुस्तकालय,प्रखंड अंतर्गत सभागार में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भरनो ,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी भरनो तथा पुस्तकालय प्रबंधन के द्वारा पुस्तकालय को बेहतर रूप से कैसे चलाया जाये, यहां के छात्र छात्राएं कैसे बेहतर लाभ लें और अन्य सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना परचम कैसे लहराए तथा अपने प्रखंड, जिला तथा राज्य का नाम रौशन करें। साथ ही साथ विद्यालयों में चल रहे विभिन्न गतिविधियों को अग्रसर गति देने तथा ससमय सभी कार्यों का निष्पादन हो इस पर प्रकाश डाला गया। गुरुगोष्ठी में मुख्य रूप से बीइइओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी लेखापाल आरटी तथा प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं पुस्तकालय समिति को पदाधिकारी सभी गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# स्पोर्ट्स



टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। इस दौरे के लिए 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

# टीम इंडिया इंग्लैंड के लिए रवाना, दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जायेगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है। टीम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से दोनों टीमों के आइसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल की शुरूआत होगी।

टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। इस दौरे के लिए 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा।



**लीड्स में 20 जून को खेला जायेगा पहला टेस्ट :** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

**इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋशभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

**नयी ट्रॉफी की घोषणा :** इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। तेंदुलकर और एंडरसन दोनों 11 जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में ट्रॉफी का अनावरण करेंगे।

# वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने गुरुवार को खेले गए विमेंस सिगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-6(1), 4-6, 6-0 हराया। सबालेंका पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। वहीं, उनका कुल छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल है। फाइनल में सबालेंका का सामना वर्ल्ड नंबर-2 अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ से होगा। ये दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी विमेंस ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

**गौफ ने बॉइसन को हराया :** कोको गौफ ने फ्रेंच वाइल्ड कार्ड लोइस बॉइसन को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। गौफ भी पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची हैं। 21 साल की अमेरिकी खिलाड़ी वर ओपन (2023) के बाद से दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगी।

**सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में झेंग को हराया था :** सबालेंका ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पेरिस ओलिंपिक चैंपियन किनवेन झेंग को 7-6(3), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची थीं। चार बार की फ्रेंच ओपन विजेता इगा स्वियातेक ने यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को 6-1, 7-5 से हराया था।

मेंस सिगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले आज रात में खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा।

# बकरीद आज, शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर धनबाद बोकारो पुलिस का मॉक ड्रिल, एसपी ने खुद संभाली कमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो/धनबाद।** बकरीद पर्व से एक दिन पूर्व शुक्रवार को बोकारो पुलिस ने अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में एक एंटी राइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इसका उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था की सुदृढ़ता सुनिश्चित करना और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जवानों को पूरी तरह तैयार रखना था। इस अभ्यास में बोकारो एसपी हरविंदर सिंह, सिटी डीएसपी आलोक रंजन और मेजर प्रणव कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एसपी हरविंदर सिंह ने मॉक ड्रिल का निरीक्षण करते हुए जवानों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही मॉक ड्रिल के दौरान रबर बुलेट का प्रयोग कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। दोनों ओर से उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच संभावित संघर्ष की को दर्शाते हुए ड्रिल पूरी की गई।



## संदिग्धों से सख्ती से निपटने का संदेश

एसपी ने स्पष्ट कहा कि अगर बकरीद के अवसर पर कोई भी असामाजिक तत्व शांति भंग करने का प्रयास करता है, तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में विशेष टीमें गठित कर उनकी तैयारियों को परखने के लिए यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई है।

## आपास स्थिति के निपटने को पुलिस तैयार : एसएसपी

दूसरी ओर, बकरीद पर्व के मद्देनजर किसी तरह के हमले की स्थिति से निपटने के लिए धनबाद पुलिसलाईन में भी एसएसपी प्रभात कुमार के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिटी एसपी भी मौजूद रहे। इस मॉक ड्रिल में एक तरफ से कुछ संख्या में पुलिस के जवान उपद्रवी के रूप में पुलिस पर हमला बोलते हैं, जिसके बाद पुलिस की तरफ से जवाबी कार्रवाई में लाठी चार्ज किया जाता है। उपद्रवियों को घेरकर पकड़ा जाता है। साथ ही घायल हुए लोगों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा जाता है। एसएसपी ने बताया कि यह अभ्यास आपात स्थिति से निपटने की पुलिस की तैयारी का हिस्सा है। पुलिस किसी भी तरह के हुड़दंग-हुड़दंगियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। आम लोगों से पुलिस शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील कर रही हैष साथ ही पुलिस जवानों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं, किसी तरह की आपात स्थिति से निपटने में पुलिस जवानों के पास उपलब्ध होनेवाले संसाधनों हेलमेट बॉडी प्रोटेक्टर आदि की वास्तविकता भी जांची गई।

# वार्षिक पत्रिका 'केऔसुब की हिंदी' का विमोचन



धनबाद (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल कोयलानगर मुख्यालय केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (केऔसुब) इकाई में राजभाषा हिंदी की प्रगति के उद्देश्य से शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी एवं उप महानिरीक्षक आबिद खान ने की। बैठक में इकाई के समस्त राजपत्रित एवं अधीनस्थ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक की ओर से इकाई की वार्षिक हिंदी पत्रिका 'केऔसुब की हिंदी' का विमोचन किया गया। उन्होंने कहा कि हिंदी भारत की ऐसी अनुपम भाषा है जो देश की विविध भाषाओं के सौंदर्य को समाहित कर एक माला के रूप में प्रस्तुत होती है। यह केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा का प्रसंग– WRD/WWDivisionBarhi/IFB- 01/2025-26

दिनांक 06–06–2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Construction of boundry wall and gate in Division office, Barhi, District- Hazaribag |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रूपये 4,76,064.01 (चार लाख छिहत्तर हजार चौसठ एवं पैसे एक) मात्र । |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु0 750.00 (रुपये सात सौ पचास) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि ) । |
| 4 | अग्रधन की राशि | रु0 10,000.00 (दस हजार) मात्र। |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) माह । |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10–06–2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न । |
| 7 | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाइन मोड में जमा करने की तिथि एवं समय। | 10–06–2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न् से 17–06–2025 को 5:00 बजे अपराह्न् तक। |
| 8 | बीड समर्पित करने का तिथि एवं समय । | 10–06–2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न् से 17–06–2025 को 5:00 बजे अपराह्न् तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | 19–06–2025 को 2:00 बजे अपराह्न् में। |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही (हजारीबाग) पिनकोड 825402 |
| 11 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल संख्या | 6206975083 |
| 12 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–298149 / 9973166491 |

नोट: केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in_पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमण्डल, बरही

PR 354436 Water Resource(25-26)#D


# बिना टिकट पकड़े गये 1640 रेल यात्री

धनबाद (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में इन दिनों टिकट जांच अभियान जोरशोर से चल रहा है। इसी क्रम में मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलखंडों में विशेष गहन टिकट जांच अभियान चलाया गया, जिसमें धनबाद, गोमो, चंद्रपुरा, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना और सिंगरौली जैसे प्रमुख स्टेशनों पर विशेष निगरानी रखी गई। यह टिकट जांच अभियान सुनियोजित रणनीति के तहत दिन-रात चलाया गया, जिसमें मंडल के टिकट निरीक्षकों की टीमों ने मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ ही स्टेशनों पर भी यात्रियों की जांच की। इस दौरान कुल 1640 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा, गलत श्रेणी में यात्रा और बिना बुक किए गए सामान के साथ यात्रा करते पकड़ा गया। इन यात्रियों से नौ लाख 31 हजार 815 रुपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई।

# छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत, पेड़ से लटकता शव बरामद

## तीन जून से था लापता, टेप से बंधे थे हाथ-पैर, गले पर मिले निशान

संदिग्ध मौत का मामला दर्ज
जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के चंडूडीह गांव निवासी सनाउल अंसारी (16) का शव देवली के बरगीडीह में एक पेड़ से लटकता बरामद हुआ। 10वीं में पढ़ने वाला सनाउल विगत तीन जून से ही लापता था। उसके हाथ-पैर एडेसिव टेप से बंधे थे और गले पर निशान थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी गला दबा कर हत्या करने के बाद शव को पेड़ पर लटका दिया गया है।



सनाउल अंसारी की फाइल फोटो।

### शव से आ रही थी दुर्गंध लग गए थे कीड़े

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूत्रों की मानें तो दो दिनों की बारिश से शव सड़ने लगा था। उसमें से दुर्गंध आ रही थी और कीड़े लग गए थे। वहीं, पिता कुदुस की शिकायत पर गोविंदपुर थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### प्रेम प्रसंग के एंगल की भी हो रही है जांच

मृतक के पिता ने असगर अंसारी नामक व्यक्ति पर परिवार को धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनके परिजन गुरफान अंसारी एवं सलाउद्दीन अंसारी को भी जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में प्रेम प्रसंग के एंगल की भी जांच की जा रही है। इस बाबत डीएसपी वन (हेडक्वार्टर) शंकर कामती ने कहा कि पहली नजर में मामला हत्या कर लग रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असल कारणों का पता चल जाएगा। सच्चाई जल्द सामने आएगी।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(समाज कल्याण शाखा)**
Email- awc3.monitoring@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला जिला अन्तर्गत 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों का Strengthening Early Childhood care & Education (ECCE) in Trible Block of Aspirational District Gumla हेतु मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाया जाना है। उक्त के निमित अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला द्वारा किया जाएगा। मॉडल बनाने के निमित आवश्यक कार्य/सामग्री सूची एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की सूची संलग्न।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन बन्द लिफाफा में जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला में दिनांक– 19.06.2025 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। उक्त निविदा विकास भवन सभागार में दिनांक– 19.06.2025 को 3 बजे अपराह्न में खोला जाएगा।

नोट:– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट gumla.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

PR 354403 Social Welfare,Women and Child Development(25-26)#D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गुमला


# एसडीओ ने की धनबाद विस के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक



धनबाद (आजाद सिपाही)। विधानसभा के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों की शुक्रवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता धनबाद विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) राजेश कुमार ने की। उन्होंने बताया कि रांची के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में इस दिन धनबाद विधानसभा के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इसमें आयोग की ओर से संचालित प्री रिविजन गतिविधियों के तहत मतदान केंद्रों के युक्तिकरण और पहचान की तैयारी, सभी पदों को भरना, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही दो दिनों के अंदर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में धनबाद सीओ शशिकांत सिंकर, बीडीओ सह पुटकी सीओ विकास आनंद, कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्र नाथ ठाकुर, सभी निर्वाचन सहायक एवं निर्वाचन कम्प्युटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# युवक को गोली मारने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- पीड़ित के पैस में फंसी गोली को भी निकाला गया, हालत में सुधार, जांच जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** निरसा थाना क्षेत्र के पीठाकियारी गांव निवासी सागर मल्लाह को विगत तीन जून की रात गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिये जाने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सुजीत रविदास के रूप में हुई है। वह निरसा थाना क्षेत्र के पीठाकियारी गांव का ही रहने वाला है। वहीं, दूसरी ओर सागर के पैर में फंसी हुई गोली को चिकित्सकों ने गुरुवार को निकाल दिया है।

जानकारी के मुताबिक विगत तीन जून की देर रात दो बचे निरसा थाना क्षेत्र के पीठाकियारी गांव निवासी सागर मल्लाह को खून से लथपथ हालत में उसके परिजन थाना लाये थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिठाकियारी ग्राम के ही रहने वाले उसके पड़ोसी सुजीत रविदास ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सागर मल्लाह को गोली मार दी है। गोली सागर के दाहिने पैर में घुटना से उपर लगी थी और काफी खून बह रहा था। इसके बाद निरसा पुलिस ने तुरंत सागर मल्लाह को अपनी गाड़ी से ईलाज के लिए निरसा के एक सरकारी अस्पताल ले गये। जहां स्थिति गंभीर देख उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद के सरायढेला स्थित एसएनएमएमसीएच ले जाया गया। हालांकि तब सागर मल्लाह की स्थिति गंभीर थी और वो तुरंत बयान देने की स्थिति में नहीं था। इस कारण उसके पिता द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर निरसा थाना में चार जून को भादवि की धारा 109/3(5) बीएनएव एवं धारा 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी आरोपित सुजीत रविदास, राज रविदास, राम रविदास और राहुल रविदास के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर किया गया। सभी आरोपित निरसा थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। उधर, वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस निरीक्षक सह निरसा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसने घायल सागर से लिये बयान के आधार पर प्राथमिकी के नामजद आरोपी सुजीत रविदास को गोली मारने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ कर बाकी आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, छापामारी दल में निरसा थाना के पुअनि प्रवीण सिंह चौधरी और पुअनि सुमन कुमार कंठ आदि शामिल थे।



पकड़े गये आरोपी की जानकारी देती पुलिस।


**स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार**
Email :- damoofficekoderma@gmail.com
**कार्यालय :- जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा।**

–: कार्यालय आदेश :–

**योग प्रशिक्षक/प्रशिक्षकाओ का पारिश्रमिक आधारित नियुक्ति सक्षात्कार सूचना**

कार्यालय जिला आयुष समिति, कोडरमा के द्वारा PRD Adv. No.- PR353445 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D दिनांक 22.05.2025 के आलोक में प्राप्त योग प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षकाओ के आवेदन के आलोक में चयन समिति द्वारा साक्षात्कार लिए जाने का निर्णय लिया गया है।

साक्षात्कार प्रखण्डवार तिथि एवं स्थान का निर्धारण निम्न रुपेण प्रस्तावित है।

| क.सं. | प्रखण्ड का नाम | सक्षात्कार की तिथि एवं समय | सक्षात्कार हेतु निर्धारित स्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. कोडरमा<br>2. चन्दवारा<br>3. जयनगर | 10.06.2025 समय 11:00 बजे पूर्वाहन् से | सभागार (सिविल सर्जन कार्यालय), कोडरमा सदर |
| 2. | 1. डोमचाँच<br>2. मरकच्चो<br>3. सतगावाँ<br>4. अन्य | 11.06.2025 समय 11:00 बजे पूर्वाहन् से | सभागार (सिविल सर्जन कार्यालय), कोडरमा सदर |

नोट – 1. साक्षात्कार संबंधी यात्रा भत्ता देय नहीं होगी।
2. साक्षात्कार योग से संबंधी विशय वस्तु एवं प्रायोगिक जाँच की जायेगी।
3. चयन में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित उम्र सीमा का अनुपालन किया जायेगा।
4. साक्षात्कार में सभी मूल प्रमाण पत्र की जाँच की जाएगी, सभी अपने प्रमाण पत्र की छायाप्रति (स्वहस्ताक्षरित) की 2 कॉपी लाना सुनिश्चित करेंगे।
5. वैसे अभ्यर्थी जिनके पास किसी भी सरकारी स्थान द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र है वो साक्षात्कार के दिन अपने साथ लेकर आये और किसी भी गैर सरकारी संस्थान या संगठन द्वारा निर्गत की गयी अनुभव प्रमाण पत्र अनुमान्य नहीं होगा।
6. साक्षात्कार की तिथि अतिक्रांत होने के उपरात किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.354454 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D


# मजिस्ट्रेट ने की आबादी के बीच चल रहे आरा मिल की जांच



धनबाद (आजाद सिपाही)। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 के कोलाकुसमा के मथुरा नगर में घनी आबादी के बिच चल रहे आरा मिल की जांच करने शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट देवेंद्र ठाकुर पहुंचे। उन्होंने शिकायत करने वाले लोगों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना। एसडीओ राकेश कुमार के आदेश पर प्रशासनिक टीम जांच करने पहुंची थी। कॉलोनी के लोगों सत्यम साहानी, बिट्टू कुमार, पवन पांडेय, सुनील कुमार, पंकज ठाकुर, राजू कुमार, तापश दत्ता, पुतूल दे, सुनील रवानी, वाकील कुम्हार,बंटी धीवर, सामू कुम्हार, रंजीत साव, नंदू कुमार, रावी, जितेंद्र सिंह और विनय शील ने जांच टीम को बताया कि आवासीय क्षेत्र में आरा मिल का संचालन किया जा रहा है, जिससे वायु और ध्वनि प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। नियम को ताक पर रखकर कारखाना चलाया जा रहा है। वहीं, एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि लोगों की शिकायत पर जांच टीम का गठन किया गया। जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टुंडी विधायक ने किया धान बीज वितरण केंद्र का उद्घाटन



राजगंज (आजाद सिपाही)। राजगंज पैक्स गोदाम में धान बीज वितरण केंद्र का उद्घाटन सुक्रवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत की सब्सिडी पर उच्च क्वालिटी बीज मिलने से किसानों को बहुत फायदा होगा। वहीं, एएओ अभिषेक कुमार मिश्रा ने बताया कि इस बार कुल 46 धान बीज वितरन केंद्र बनाये गए, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक सस्ती दर पर उच्च क्वालिटी के बीज पहुंचना है। ताकि किसानों की खेतों की उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी हो सके। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष बंदना देवी, प्रबंधक अयोध्या चौधरी के साथ ही पैक्स-बैंक के सदस्य मौजूद थे।

# गोशाला तालाब में युवक की डूब कर मौत

## नहाने के दौरान हुआ हादसा, पुलिस ने दो दोस्तों को हिरासत में लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला स्थित गोशाला तालाब में शुक्रवार की दोपहर नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान मनईटाड़ निवासी राहुल राय (25) के रूप में हुई है। बता चला है कि राहुल अपने दो दोस्तों दीपक और सागर के साथ बाइक से तालाब आया था। तीनों कुछ देर तालाब किनारे बैठे रहे। इसी बीच राहुल ने गर्मी का हवाला देकर नहाने का फैसला किया। वह पानी में उतरा और कुछ ही देर में गहराई में चले जाने के कारण डूब गया।



### घंटों की मशक्कत के बाद शव निकाला गया बाहर

उधर, राहुल के डूबने के बाद दोस्तों ने मदद के लिए आवाज लगाई। इसी बीच जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के नेता पप्पू पासवान अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंच गये। स्थानीय लोगों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद राहुल का शव तालाब से बाहर निकाला गया। वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो तीनों युवकों ने तालाब किनारे गांजा का सेवन किया था। नशे की हालत में राहुल ने पानी में डुबकी लगाई। संभवतः नशे के कारण वह संतुलन नहीं बना सका और डूब गया। दूसरी ओर, झरिया पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। लगे हाथ मृतक के दोनों साथी दीपक और सागर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।


Annexure 1

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़।**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–**WRD/MID/RAMGARH F2 - 03/2025-26** दिनांक–06.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | DMFT न्यास परिषद् एवं DMFT प्रबंधकीय समिति से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.06.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 4 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.06.2025 5:00 बजे अपराह्न |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.06.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।<br>मो0–8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 7 |
| 1 | गोला | नावाडीह | नावाडीह पंचायत के ग्राम सोमलपुर नरेश महली के घर से मुनसी मांझी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण लगभग 800 मीटर। | 19,78,300.00 | 5,000.00 | 02 (दो) माह |
| 2 | गोला | नावाडीह | नावाडीह पंचायत के ग्राम मसरी बेड़ा महुआं कोचा से खैरा जारा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण लगभग 1.5 किलोमीटर। | 99,90,600.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | गोला | नावाडीह | नावाडीह पंचायत के ग्राम चोकर बेड़ा के सरकारी स्कूल में चाहरदीवारी ऊँचा करना एवं गेट का निर्माण। | 10,79,200.00 | 2,500.00 | 02 (दो) माह |
| 4 | पतरातू | सुन्दरनगर | बिरसा चौक श्री राम टेन्ट हाउस से सुन्दर नगर पंचायत भवन होते हुए गाँधी नगर के स्व0 नरेन्द्र प्रसाद तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण एवं दोनों तरफ नाली निर्माण। लगभग 1000 मीटर | 90,02,600.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 5 | पतरातू | बुधबाजार इमलीगाछ | बॉबी टेलर से हैदर मियां के घर तक पी0सी0सी0 पथ माया गोकुल स्वीट्स का निर्माण। | 17,87,700.00 | 5,000.00 | 02 (दो) माह |
| 6 | पतरातू | बुधबाजार इमलीगाछ | बुधबाजार इमली गाछ पंचायत के अन्तर्गत नजदीक रिवर साइड मुरकुण्डा शास्त्री पार्क राधे कृष्णा क्लब का पेभर ब्लॉक एवं चाहरदिवारी का निर्माण। | 22,60,100.00 | 5,000.00 | 02 (दो) माह |

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 354469 Minor Irrigation(25-26)D

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
REGISTER NOW
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। जय थावें वाली मईया ।।
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
आपका कार्य सफल होना चाहिए
चावल के द्वारा
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

Saddam
7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD - FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN
8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

Mehta Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Laxmi Tower, Near Maheshwari Hotel, Ranchi
9771477499

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery
Nursery
KG - I
KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETCRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

भारत के सबसे विश्वसनीय फर्नीचर ब्रांड Geeken लाए हैं स्टील अलमारियाँ जो चलें आपके साथ सालों साल
GeeKen
Relaxed Body, Relaxed Mind.
हर त्यौहार का सही उपहार
• दीमक प्रतिरोधी • मजबूत व टिकाऊ • Customize Sizes में उपलब्ध • आकर्षक डिजाइन
J.K. SALES
Hehal, Near Lakdi Tall, Piska More, Ranchi M. 9386070011, 9386070051

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor
Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme

7903636615
8434179089
www.shreebharatplywood.com
shreebharatplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रांची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉड / जोड़ो में दर्द / खुनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है ।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है ।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, रांची, झारखण्ड

NEON ENTERPRISES
आधार सुधार
8210108590
8789361453
8709790158
पैन कार्ड
वोटर कार्ड
मजदूर कार्ड
E-STAMP
राशन कार्ड
पैसा निकासी
स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेंट लेकर जाने से
फार्म नहीं भरना पड़ता है
लाईन नही लगना पड़ता है
काम जल्दी हो जाता है
Digital Print Designing & Advertising
फोटो कॉपी
ड्राइविंग लाइसेंस
पासपोर्ट फोटो प्रिंट
जाति, आवासीय, आय
जमीन रसीद होल्डिंग
ऑनलाइन फार्म
पीएफ अप्लाई
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, रांची (झारखंड)

Dr. Anup's
HLCCS
रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुराना विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, रांची-834002

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यन्त महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
VERMA PRESS PVT. LTD.

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी
• कम लागत
• कम रखरखाव
• लाइसेंस मुक्त
• एक साल की वारंटी
• 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21